केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
16 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

*अच्छे विचारों का असर आज कल इसलिए कम होता है,क्यों की लिखने वाले और पढने वाले दोनो ये समझते है कि ये दुसरों के लिए है।*

वर्ष : 16 अंक : 211 | उज्जैन, शनिवार 10 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका के दावों की खुली पोल, ट्रंप को क्यों मोदी द्वारा फोन नहीं करने की बात पर भारत का दो टूक जवाब



नई दिल्ली/ जीएनएस। भारत और अमेरिका के बीच बहुचर्चित कारोबारी समझौता फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है। इसकी जिम्मेदारी भारत के मत्थे मढ़ने की ट्रंप प्रशासन की कोशिशों पर भारत ने दो टूक जवाब दे दिया है। भारत ने अमेरिका के वाणिज्य सचिव होवार्ड लुटनिक के इस बयान को गलत करार दिया है जिसमें यह बताने की कोशिश थी कि निर्धारित समय के भीतर पीएम नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया इसलिए कारोबारी समझौता नहीं हो सका। राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगियों की तरफ से लगातार भारत को असहज करने वाले बयानों पर भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कूटनीतिक मर्यादाओं का पालन करते हुए ही जवाब दिया है लेकिन दैनिक जागरण ने इस बारे में कई स्त्रोतों से जानकारी हासिल करने की कोशिश की तो यह बात भी सामने आई है कि अमेरिका के साथ कारोबारी समझौता करने को लेकर अब भारत सरकार में भी उत्साह नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से की जाने वाली टिप्पणियों को भारत अपने ऊपर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देख रहा है।लुटनिक ने आल-इन पॉडकास्ट में दिए गए एक साक्षात्कार में शुक्रवार को भारत और अमेरिका के बीच अभी तक ट्रेड डील नहीं होने की वजह पूछा गया तो कहा है कि, सब कुछ तैयार था, लेकिन मोदी को राष्ट्रपति (ट्रंप) को फोन करना था। वे ऐसा करने में असहज थे, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। उसके बाद हमने कई अन्य डील्स कीं। बाद में भारत ने कहा कि हम तैयार हैं, तो मैंने कहा - किसके लिए? ट्रेन तो तीन हफ्ते पहले छूट चुकी थी। लुटनिक ने यह संदेश भी देने की कोशिश की है कि ट्रेड डील को लेकर सब कुछ उनके नेतृत्व में चल रहा था और उन्होंने तीन हफ्तों का समय विमर्श को पूरा करने के लिए दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल से जब लुटनिक के ताजे बयान के बारे में पूछा गया तो उनका जवाब था कि, हमने इन टिप्पणियों को देखा है।

# प्रदेश के विकास और कल्याण के लिए जनता का अटूट विश्वास ही हमारी ताकत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**बहरी में खुलेगा नया कॉलेज, सिंहावल और देवसर के कॉलेज में विज्ञान और वाणिज्य संकाय किए जाएंगे शुरू**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सबके सहयोग से हम एक नया मध्यप्रदेश गढ़ने जा रहे हैं। विकसित मध्यप्रदेश के लिए गांव, गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, सभी को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाना जरूरी है और हम इसी दिशा में मिशन मोड में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को विकास से वंचित नहीं रहने देंगे। विकास की राह पर हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सीधी जिले की सिंहावल विधानसभा क्षेत्र के तहसील मुख्यालय बहरी में विभिन्न शासकीय विभागों के हितग्राहियों के प्रशिक्षण सह उनमुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनता का सरकार पर अटूट विश्वास ही हमें प्रदेश के समग्र विकास और कल्याण के लिए नई ऊर्जा और ताकत देता है। नए विकास कार्यों और नवरोजगार सृजन से हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती देने के लिए हर जरूरी प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम बहरी से ही सीधी जिले के लिए 201 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत वाले कुल 209 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त 11 करोड़ 58 लाख रूपए की लागत से एक बगिया माँ के नाम के अंतर्गत 505 कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने 133 करोड़ 62 लाख रूपए के 30 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 68 करोड़ रूपए से अधिक की लागत वाले 179 विकास कार्यों का लोकार्पण कर सीधी जिलेवासियों को कई निर्माण कार्यों की सौगातें दीं।



स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहरी में नया कॉलेज खोलने की घोषणा की। यह कॉलेज अगले सत्र से ही प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम बहरी से चुरहट तक 129 करोड़ की लागत से 64.54 कि.मी. लंबे टू-लेन रोड निर्माण की भी घोषणा इस मौके पर की। उन्होंने सिंहावल और देवसर के महाविद्यालयों में विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने देवसर में वर्तमान में संचालित पार्ट टाइम एडिशनल कलेक्टर कोर्ट को अब फुल टाइम संचालित किए जाने की घोषणा की। साथ ही सीधी जिले की गोपद नदी पर 500 मीटर लंबा एक नया पुल तथा महान नदी पर रपटा बनवाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहावल विधानसभा क्षेत्र के कुछ स्कूलों को हाईस्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रोन्नत करने तथा कुछ गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि बहरी तहसील क्षेत्र के सभी गांवों में सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीधी जिले में सभी प्रकार के उद्योग-धंधे लगाए जाएंगे। पंजा दरी सीधी की पहचान है। सिंहावल ब्लॉक के क्लस्टर में पंजा दरी और कालीन बुनाई की विभिन्न इकाइयां हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सीधी की पंजा दरी को जीआई टैग दिलाने के लिए प्रयासरत है, हम पंजा दरी को वैश्विक पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर में भारी निवेश आ रहा है। इससे पंजा दरी कला को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी से 31 मार्च तक %संकल्प से समाधान अभियान-1% चलाया जाएगा। इसमें नागरिकों को सरकार की 106 प्रकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं/सेवाओं/सुविधाओं का घर-घर जाकर लाभ प्रदाय किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोन नदी के किनारे सीधी जिला सोने की नगरी के समान है। आज यहां 201 करोड़ की लागत से क्षेत्र के विकास के लिए लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किए गए हैं। इसमें सीधी जिले में नए जनपद भवन, ग्राम पंचायत भवन, बालक-बालिका छात्रावास जैसे विभिन्न निर्माण कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार नारी सशक्तिकरण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए यह पूरा साल आरक्षित कर दिया है। प्रदेश के सभी पात्र किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सालभर में 12 हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। हमारी लाड़ली बहनों को हर महीने दी जा रही सहायता राशि लगातार बढ़ती जाएगी। अभी हर महीने 1500 रुपए दिए जा रहे हैं। इससे बहनें उद्यमी और आत्मनिर्भर बन रही हैं। घर का खर्च चलाने के साथ बच्चों के ट्यूशन फीस भी भर रही हैं। लाड़ली बहनों को सरकार ने लगभग 50 हजार करोड़ रुपए दिए हैं। बहनों को रोजगार आधिरित उद्योगों में काम करने पर 5000 रुपए महीने का अतिरिक्त लाभ भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने विगत 2 सात में ही 10 लाख हैक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ा दिया है। नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से अभी प्रदेश में 55 लाख हैक्टेयर सिंचाई का रकबा पहुंचा है। अगले 5 साल में इसे 100 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य हमने रखा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए गौपालन एवं दूध उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। गौपालन को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की गई है, जिसमें लाभार्थियों के लिए 40 लाख रुपए तक के अनुदान का प्रावधान है। राज्य सरकार श्रीअन्न की योजना के माध्यम से कोदो-कुटकी सहित सभी मोटे अनाज खरीदेगी और बोनस भी दिया जाएगा। भावांतर योजना के माध्यम से किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य मिल रहा है। प्रदेश के किसानों को 2600 प्रति क्विंटल गेहूं का दाम मिला है। उन्होंने कहा कि सीधी प्रदेश का पहला जिला है, जिसे रीवा से सीधे कनेक्ट करने के लिए 6 लेन टनल बनाई गई है। रीवा-सतना में एयरपोर्ट तैयार हो चुका है। सिंगरौली में हवाई सेवा पहले ही उपलब्ध है।



# टेली परफार्मेन्स कंपनी में कार्यरत युवती से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी लसुडिया पुलिस के हत्थे चढ़ा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के लसुडिया थाना क्षेत्र में टेली परफार्मेन्स कंपनी में कार्यरत एक युवती के साथ छेड़छाड़ और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी फरियादिया पर लंबे समय से बुरी नियत रखता था और उसे धर्म बदलकर शादी करने का दबाव दे रहा था।

दिनांक 08 जनवरी 2026 को फरियादिया ने लसुडिया थाने में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि वह पिछले लगभग 5 वर्षों से टेली परफार्मेन्स कंपनी में कार्यरत है और वर्तमान में सुपरवाइजर के पद पर काम कर रही है।

उसी कंपनी में मोहम्मद अब्दुस सलाम एमओ के पद पर कार्यरत था। नवंबर 2025 से आरोपी द्वारा उस पर बुरी नीयत रखकर दोस्ती बढ़ाने और अपने कहे अनुसार चलने पर भविष्य संवारने जैसे प्रलोभन दिए जा रहे थे। फरियादिया द्वारा मना करने के बावजूद आरोपी ने उस पर हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाने का लगातार दबाव बनाया और अकेली होने का फायदा उठाने की कोशिश की।

फरियादिया ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे मानसिक रूप से परेशान करना शुरू कर दिया, जिससे मजबूर होकर उसने दिसंबर 2025 में नौकरी से इस्तीफा दे दिया। हालांकि दो माह के नोटिस पीरियड के कारण उसे कार्यालय जाना पड़ रहा था, जहां आरोपी लगातार बुरी नीयत से उसे देखता और घर जाते समय उसका पीछा करता था। दिनांक 07 जनवरी 2026 को रात करीब 11ः30 बजे जब फरियादिया ऑफिस के नीचे खड़ी थी, तभी आरोपी ने उसके पास आकर बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। युवती द्वारा चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना लसुडिया में अपराध क्रमांक 42/26 धारा 74, 78(2) बीएनएस 2023 एवं 3/5 धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश करते हुए शहर से भागने से पहले ही मोहम्मद अब्दुस सलाम पिता शेख मतिउज्ज़्मान उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम बरुन्दा तहसील बागनान जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल, हाल निवासी हबीब कॉलोनी खजराना इंदौर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# भागीरथपुरा दूषित मामले में कांग्रेस घेरेगी भाजपा को, 11 को न्याय यात्रा इंदौर में

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण हुई 18 मौतों के मामले में अब राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में पार्टी ने आगामी 11 जनवरी को शहर में एक विशाल न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भागीरथपुरा की इस त्रासदी में जान गंवाने वाले 18 व्यक्तियों के परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करना और प्रशासन की कथित लापरवाही को जनता के सामने उजागर करना है। इस महत्वपूर्ण आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए गुरुवार को कांग्रेस नेताओं की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जीतू पटवारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भागीरथपुरा की घटना कोई सामान्य लापरवाही या साधारण मौत का मामला नहीं है, बल्कि यह प्रशासन की विफलता के कारण हुई एक सुनियोजित हत्या के समान है।

उन्होंने मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। पार्टी का तर्क है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद दूषित पानी की सप्लाई को नहीं रोका गया, जिसका खामियाजा निर्दोष नागरिकों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा।

न्याय यात्रा का शुरुआत 11जनवरी को शहर के बड़ा गणपति चौराहा से होगी। यहां से कार्यकर्ताओं का हुजूम निकलता हुआ राजवाड़ा पहुंचेगा, जहां देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा के समक्ष इस यात्रा का समापन होगा।

पटवारी ने संगठन के सभी स्तरों पर कड़े निर्देश दिए हैं कि भीड़ और जनभागीदारी के लिहाज से इस यात्रा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

इसके लिए न केवल शहर के वार्डों बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी कार्यकर्ताओं और आम जनता को जोड़ने की योजना बनाई गई है।

## इन-हाउस तकनीकी क्षमता का उदाहरण : एम.पी. ट्रांसको ने 40 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर की साईट पर ही की मेजर रिपेयरिंग



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के इंजीनियर्स ने अपनी तकनीकी दक्षता, मेटेरियल मैनैजमैंट और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रभावी परिचय देते हुए 40 एम.व्ही.ए. क्षमता के एक अत्यधिक क्षतिग्रस्त पावर ट्रांसफार्मर की सबस्टेशन स्थल पर ही मेजर रिपेयरिंग कर उसे सफलतापूर्वक पुनः ऊर्जीकृत किया। इस प्रयास से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान से तो बचाया जा सका साथ ही रबी फसल के महत्वपूर्ण लोड सीजन के दौरान ट्रांसमिशन नेटवर्क में लंबे आउटेज की आशंका को भी समाप्त किया गया।

मनगवां मे क्षतिग्रस्त हुआ था ट्रांसफार्मर- वा जिले के 132 के.व्ही. सबस्टेशन, मनगवां में स्थापित 40 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर तकनीकी कारणों से आग लगने के चलते गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। ट्रांसफार्मर निर्माता कंपनी के इंजीनियर द्वारा निरीक्षण के उपरांत यह अभिमत व्यक्त किया गया कि ट्रांसफार्मर की साईट पर रिपेरिंग संभव नहीं है तथा इसे कंपनी के वर्क्स में भेजकर रिपेयरिंग कराना आवश्यक होगा। किंतु रबी सीजन के दौरान क्षेत्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क में 40 एम.व्ही.ए. क्षमता की महत्ता एवं स्थानीय ट्रांसमिशन नेटवर्क आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एम.पी. ट्रांसको प्रबंधन द्वारा इसे साईट पर ही रिपेयर करने का निर्णय लिया गया।

धीक्षण अभियंता श्री शर्मा की अगुवाई- मुख्यालय जबलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री आर.सी. शर्मा के मार्गदर्शन में साईट पर ही मेजर रिपेयरिंग हेतु विस्तृत तकनीकी कार्ययोजना तैयार की गई। प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर उपलब्ध ट्रांसफार्मर स्पेयर्स, जिनमें एच.वी./एल.वी. बुशिंग, प्रेशर रिलीफ डिवाइस, ऑयल वॉल्व, विभिन्न ओ-रिंग्स एवं गैस्केट्स (जो ट्रांसफार्मर में ऑयल लीकेज रोकने हेतु आवश्यक होती हैं), की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# मोबाइल टावरों से 5जी उपकरण चोरी करने वाला शातिर चोर हीरानगर पुलिस के शिकंजे में, 9.30 लाख का मशरूका बरामद



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना हीरानगर ने मोबाइल टावरों से महंगे 5जी उपकरण चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने लगभग 9 लाख 30 हजार रुपये की कीमत का चोरी गया मशरूका तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन भी बरामद किया है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर शहर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था श्री अमित सिंह के निर्देशन, पुलिस उपायुक्त जोन-3 श्री राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-3 श्री रामस्नेही मिश्रा के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त हीरानगर श्रीमती रुबीना मिजवानी द्वारा थाना प्रभारी हीरानगर श्री सुशील पटेल एवं उनकी टीम को चोरी की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे।

इसी अभियान के तहत दिनांक 09 जनवरी 2026 को थाना हीरानगर पुलिस टीम रात्रि गश्त के दौरान एमआर-10 रोड इंदौर के पास पहुंची, जहां एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह छिपने और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने मोबाइल टावरों से चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपी ने बताया कि उसने दिनांक 07 जनवरी 2026 एवं 08 जनवरी 2026 को सुखलिया, स्कीम नंबर 136, अभिनंदन नगर एवं बापट क्षेत्र में स्थित मोबाइल टावरों से 5जी नेटवर्क संचालन में उपयोग होने वाले बेस बैंड यूनिट, जी-नोड बी आरएएन प्रोसेसर यूनिट सहित इरिक्शन कंपनी के कुल चार नग 5जी बीबीयु कार्ड चोरी किए थे। पूछताछ के दौरान आरोपी ने यह भी बताया कि चोरी किए गए उपकरण उसने एमआर-10 रोड के पास झाड़ियों में दो प्लास्टिक की थैलियों में छिपा रखे हैं तथा वारदात में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन को भी एमआर-10 ब्रिज के पास छुपाया गया है।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर झाड़ियों से ब्राउन और पिंक रंग की दो प्लास्टिक थैलियों में रखे 5जी बीबीयु कार्ड बरामद किए। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की एक्टिवा क्रमांक MP09US5645 भी जब्त की गई। बरामद किए गए मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 9 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी राहुल पिता गिरधारीलाल उम्र 28 वर्ष निवासी स्कीम नंबर 74 विजय नगर इंदौर, हाल निवासी ग्राम पीपरवानी थाना तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश है। आरोपी को थाना लाकर उससे अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है, जिसमें और मामलों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

## 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंदजी का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मुख्य कार्यक्रम म.प्र. शासन के आतिथ्य में आर.ए.पी.टी.सी. मैदान महेश गार्ड लाईन इन्दौर पर होना है। 12 जनवरी को प्रातः 09.00 से 10.30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा।

यह जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के 4000 छात्र/छात्राओं एवं शिक्षक / शिक्षिकाएं एवं जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जिसमें सहज योग केन्द्र, आरोग्य भारती, प्रजापिता ब्रहम्?कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, योग एसोसिएशन म.प्र. इन्दौर योग संघ, एन.सी.सी. इन्दौर स्काउट गाईड इन्दौर, भारत स्वाभीमान ट्रस्ट इन्दौर, पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा संबंधित विभागों, संगठनों पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाऐ, विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी, आर्य समाज, विद्या भारती शिक्षा संस्थान, आरोग्य भारती, ईशा फाउडेशन श्री रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ आदी।

# मंदिर में चोरी करने वाला शातिर चोर हीरानगर पुलिस की गिरफ्त में, पीतल के शेषनाग, कलश, दान पेटी व नगदी बरामद

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में चोरी और नकबजनी की वारदातों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना हीरानगर ने मंदिर में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से मंदिर से चोरी किया गया पीतल का शेषनाग, पीतल का कलश, दान पेटी और नगद राशि बरामद की गई है।

पुलिस उपायुक्त जोन-3 इंदौर श्री राजेश व्यास के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-3 श्री रामस्नेही मिश्रा एवं सहायक पुलिस आयुक्त हीरानगर श्रीमती रुबीना मिजवानी द्वारा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लिप्त बदमाशों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस थाना हीरानगर को दिनांक 08 जनवरी 2026 को फरियादी द्वारा मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि मंदिर में चोरी करने वाले हुलिये का एक व्यक्ति कबीटखेड़ी पुलिया के पास से निकलकर रघुनंदन बाग की पिछली रोड की ओर जा रहा है।

सूचना मिलते ही थाना हीरानगर की पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। रघुनंदन बाग के पीछे पहुंचने पर पुलिस को बताए गए हुलिये का व्यक्ति सड़क पर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के हाथ में पकड़ी प्लास्टिक की थैली से एक पीतल का शेषनाग और एक पीतल का कलश बरामद हुआ।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने बीती रात न्यायानगर पुलिया के पास स्थित एक मंदिर से यह सामान चोरी किया था। उसने यह भी बताया कि उसने मंदिर से दो दान पेटियां भी चुराई थीं, जिन्हें उसने रात में एक खाली प्लॉट में छुपा दिया था और वह पीतल का शेषनाग, कलश तथा नगद राशि अपने घर ले जाने की फिराक में था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई दोनों दान पेटियां भी बरामद कर जब्त कीं।

आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप कमकर उम्र 24 वर्ष निवासी स्कीम नंबर 78 इंदौर, स्थाई पता ग्राम सदपुर थाना खड़िया गोपालगंज बिहार के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से इस घटना के अलावा अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है, जिससे और मामलों के खुलासे की संभावना है।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी हीरानगर निरीक्षक सुशील पटेल, सहायक उप निरीक्षक किशनलाल फलवड़िया, प्रधान आरक्षक सौरभ, प्रधान आरक्षक अनुज, आरक्षक अनिल एवं आरक्षक विश्वरतन की सराहनीय भूमिका रही।

## राज्य सेवा परीक्षाओं के प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों से मंगाए गए आवेदन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री कम मेन्स 2027 के संबंध में अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों से आवेदन मंगाए गए हैं। पात्र प्रशिक्षक 27 फरवरी तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्रारंभ होने की संभावित 03 मई 2026 है।

केन्द्र की प्राचार्य श्रीमती आशा चौहान ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण देने हेतु इच्छुक प्रशिक्षक अपना रिज़्युम शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में 12 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। उक्त रिज़्युम हेतु संस्थान से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज़ भी संलग्न करना होगा।

प्रशिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता राज्य सेवा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु आवश्यक संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नात्कोत्तर उपाधि प्राप्त होना चाहिए अथवा ऐसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान जहां से प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में होता रहा हो, में संकाय सदस्य रहे हो। प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा। प्रशिक्षण का समय कार्यालयीन समय में ही रहेगा।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई, 137 वाहनों पर चालान, 72 ऑटो-ई रिक्शा भी कार्रवाई की जद में

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में सुव्यवस्थित और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान के साथ-साथ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख मार्गों, व्यस्त चौराहों और बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों पर सख्ती की गई।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे 137 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की, जो नो पार्किंग क्षेत्रों में खड़े कर यातायात को बाधित कर रहे थे। गलत पार्किंग के कारण आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी और कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति भी निर्मित हो रही थी। ट्रैफिक पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान किए, सड़क पर बाधा बने वाहनों को हटवाया तथा दुकानों और संस्थानों को लाउडस्पीकर के माध्यम से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की समझाइश दी।

इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध भी विशेष मुहिम चलाई। इस कार्रवाई के दौरान प्रतिबंधित मार्गों पर चलने, वन-वे नियमों के उल्लंघन, ओवरलोडिंग और नो पार्किंग जैसे यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 72 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिनमें 50 ई-रिक्शा और 22 ऑटो शामिल हैं।

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों में ही खड़ा करें। सड़क किनारे, बाजार क्षेत्रों, अस्पतालों, बस स्टॉप और मुख्य चौराहों के आसपास अनधिकृत पार्किंग न करें, क्योंकि गलत पार्किंग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि आपातकालीन सेवाओं और आम जनता की सुविधा में भी बाधा उत्पन्न करती है।

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने और बेहतर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

# कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सतर्कता परखने हेतु मॉक ड्रिल आयोजित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आपदा प्रबंधन क्षमताओं के आकलन हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी संभावित दुर्घटना की स्थिति में निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करना था।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 09 जनवरी 2026 को दोपहर 13.55 बजे मंडल कंट्रोल कार्यालय को सूचना प्राप्त हुई कि फतेहाबाद चंद्रावतीगंज-चिंतामन गणेश सेक्शन के मध्य समपार संख्या 4 पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के रोल डाउन हुई है। सूचना मिलते ही रेलवे राहत गाड़ी, एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (ए.आर.टी.), एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल इक्विपमेंट (ए.आर.एम.ई.) तथा चिकित्सा दल को तत्काल सतर्क किया गया। निर्धारित समयावधि में एआरटी एवं एआरएमई पूर्ण तैयारी के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा इक्यूपमेंट का घटना स्थल पर निर्धारित समयावधि में पहुँचने के उपरांत इस घटना को मॉक ड्रिल घोषित किया गया। संपूर्ण अभ्यास वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री डी.एम. सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# G-Hub पहल से इंदौर बनेगा क्षेत्रीय आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन

**नीति आयोग के सहयोग से इंदौर आर्थिक क्षेत्र के लिए समग्र इकनॉमिक प्लान की प्रक्रिया प्रारंभ**



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से G-Hub (Growth Hub) पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत इंदौर आर्थिक क्षेत्र एवं भोपाल आर्थिक क्षेत्र को प्रदेश के विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में ठोस एवं दूरदर्शी योजना तैयार की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य औद्योगिक विकास, आधारभूत अवसंरचना, मानव संसाधन, निवेश क्षमता एवं संस्थागत मजबूती का समेकित आकलन कर एक ऐसा इकनॉमिक प्लान तैयार करना है, जिससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले और समृद्ध मध्यप्रदेश के विजन को गति मिल सके।

इंदौर में उच्चस्तरीय समन्वय बैठक- इस क्रम में नीति आयोग भारत सरकार के मार्गदर्शन में आज इंदौर स्थित कलेक्टर कार्यालय में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग भारत सरकार की प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर सुश्री एना रॉय द्वारा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में इंदौर आर्थिक क्षेत्र से संबंधित आर्थिक गतिविधियों, प्रमुख विकास परियोजनाओं, औद्योगिक संभावनाओं, आधारभूत संरचना, रोजगार सृजन, निवेश अवसरों तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

डेटा आधारित योजना निर्माण पर जोर- बैठक में सुश्री एना राय ने अधिकारियों को अवगत कराया कि इंदौर आर्थिक क्षेत्र एवं भोपाल आर्थिक क्षेत्र से संबंधित विभागीय एवं जिला स्तरीय सूचनाओं का संकलन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (त्तश्शद्दद्य लिंक) के माध्यम से किया जा रहा है। इन आंकड़ों का विश्लेषण कर क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं, विकास की संभावनाओं तथा प्राथमिकताओं को चिन्हित किया जाएगा, जिससे योजना निर्माण अधिक सटीक और प्रभावी हो सके।

विभागीय सहभागिता से बनेगा मजबूत रोडमैप- बैठक में जिला एवं विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित हाई ग्रोथ सेक्टर्स, वर्तमान में संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं तथा आवश्यक नीतिगत सुधारों पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बताया गया कि कृषि, स्वास्थ्य, अवसंरचना, मैन्युफैक्चरिंग, पर्यटन, स्मार्ट सिटी, लॉजिस्टिक्स एवं शहरी विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर प्राप्त सुझावों को योजना में सम्मिलित किया जाएगा।

इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन के लिए विशेष फोकस- बैठक में सुश्री राय ने बताया कि आगामी चरणों में विभागों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श कर इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन के लिए एक समग्र आर्थिक विकास ढांचा तैयार किया जाएगा। इसमें ग्रोथ ड्राइवर्स, प्राथमिक विकास परियोजनाएँ तथा प्रदेश के दीर्घकालिक विजन में इंदौर की भूमिका को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाएगा।

मोबिलिटी और शहरी सुविधा भी होंगी शामिल- बैठक में सुश्री राय ने बताया कि आर्थिक विकास को गति देने के लिए शहरी मोबिलिटी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं यातायात प्रबंधन को भी इकनॉमिक प्लान का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा, जिससे नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल सके। G-Hub पहल के माध्यम से इंदौर आर्थिक क्षेत्र को एक सशक्त, समावेशी और टिकाऊ विकास मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले वर्षों में निवेश, रोजगार और समग्र विकास को नई ऊँचाइयाँ देगी।

## विद्युतीकृत रेलवे लाइन के पास पतंग न उड़ाएं, दुर्घटना हो सकती है

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पूरी तरह विद्युतीकृत रेल मंडल है। विद्युतीकृत होने के कारण रेलवे लाइनों के ऊपर 25000 वोल्ट के ओवर हेड तार लगे हुए हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तरायण आने वाला है और इस समय काफी संख्या में पतंगे उड़ाई जाती है। यह देखने में आया है कि वर्तमान में पतंग उड़ाने के लिए मेटलिक धागे का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण 25000 वोल्ट के तारों के आस-पास पतंग उड़ाने से उन्हें जान लेवा झटका लग सकता है। रेलवे लाइनों से दूर पतंग उड़ाएं तथा त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से दूर रहें।

## मौत को छूकर निकला युवक, कार बनी लोहे का ढेर, पुलिस ने ऐसे बचाई जान

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दो भीषण सड़क दुर्घटनाएं सामने आईं। इन हादसों में कहीं लापरवाही तो कहीं शराब का नशा मुख्य कारण रहा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और स्थिति को नियंत्रित किया। पहली घटना संचार नगर के पास बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे की है।

# अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी को ना तो सस्पेंशन की शर्म है और ना ही टर्मिनेशन का डर-रमेशचन्द्र चन्द्रे

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षाविद रमेशचन्द्र चन्द्रे ने अपने तय आरोप लगाते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश के अधिकांश अधिकारी और कर्मचारियों की यह हालत है कि- नीची करी नाड़, करो सौ कोस को उजाड़। 'कुछ नेताओं की दुम भी दबी हुई है'रामचरितमानस के उत्तर कांड में तुलसीदास जी ने स्पष्ट किया है कि- जिस व्यक्ति को किसी प्रकार की 'कानि' अथवा 'लोक मर्यादा' का ध्यान नहीं रहता वह मनमाने निर्णय करता है तथा अपने पद और अहंकार के कारण वह दूसरों का विनाश तो करता ही है किंतु कभी-कभी स्वयं का भी विनाश कर लेता है। ठीक यही स्थिति मध्य प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों की होती जा रही है।



अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी बेशर्म होते जा रहे हैं उन्हें ना तो सस्पेंशन की शर्म है और ना ही टर्मिनेशन का डर। क्योंकि सस्पेंशन के बाद राजनीति में उनके कोई न कोई आका होते हैं जो उन्हें बहाल करवा देते हैं और टर्मिनेशन के बाद 90ः प्रकरण में वह न्यायालय से बहाल हो जाते हैं। एक सामाजिक मर्यादा ही थी जो मनुष्य को इन सब कामों से रोकती थी किंतु अब गलत काम करने के बाद भी और तो और जेल काटने के बाद भी वह सीना तानकर समाज में अकड़ के साथ चलता है।

इसलिए तुलसीदास जी की वह कहावत चरितार्थ हो रही है कि नीची गर्दन करो और बेशर्म की तरह जहां भी जो करना हो करते चले जाओ। लोग चिल्लाते रहेंगे, मंत्री मुख्यमंत्री नाराज होते रहेंगे, अखबार वाले लिखते रहेंगे किंतु चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार उनकी चमड़ी हाथी से भी मोटी होती जा रही है।

आज की स्थिति यही है कि, मंदसौर सहित राज्य के विभिन्न जिलों में अधिकारियों की कार्य पद्धति देखकर लगता है कि उन्हें ना तो किसी का डर है और ना ही किसी की शर्म। पागल सांड की तरह वह नीचे गर्दन करके जहां देखो वहां उजाड़ करने पर तुले हुए है। उन्हें सृजन और निर्माण से कोई लेना देना नहीं है और राजनीतिक क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधि भी ष्मुक बधिरष् बनकर देखते रहते हैं तो सब कुछ जानकर भी जनप्रतिनिधि मजबूर होकर बैठकों में चिल्लाते रहते हैं, किंतु उनकी कोई सुनता नहीं है, अधिकारी जवाब बिल्कुल नहीं देते और मौनी बाबा बनकर चुपचाप बैठे रहते है तथा अपनी कार गुजरियां करते रहते हैं। इसे कहते हैं- नीचे करो नाड़ करो सौ कोस उजाड़।

इस कारण मध्य प्रदेश का प्रशासन पूर्णतः राजनीतिक शिकंजे से बाहर हो गया है और जहां-जहां महिला अधिकारी है वहां पर तो कुछ महिलाओं की सनक के कारण नगर और जिले को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इसलिए ऐसे निरंकुश अधिकारियों पर एक कठोर नियंत्रण की आवश्यकता है अन्यथा उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले नगरीय निकाय से लेकर अन्य क्षेत्रों में सिर्फ उजाड़ने का काम ही करेंगे। क्योंकि यह शर्म खो चुके हैं। कानून का डर समाप्त हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ नेताओं की अनेक फाइलें इनके पास सुरक्षित है जिनके उजागर करने के डर से कुछ क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधि और नेता भी केवल चिल्लाने भर का नाटक करते हैं किंतु इनकी 'दुम' भी कहीं अधिकारियों के नीचे दबी हुई है? जागो जनता जागो।

## वन विभाग की टीम ने रेड सेंड बोआ की अवैध तस्करी करते आरोपियों को पकड़ा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वनमण्डलाधिकारी मंदसौर द्वारा गठित दल ने दिनांक 05.01.2025 को वन्यप्राणी सेंड बोआ वैज्ञानिक नाम एरिक्स जोहनिल की अवैध तस्करी (खरीद फरोख्त) की मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार व्यक्तियों को हवाई पट्टी भालोट रोड़ मंदसौर के पास खेत में देख घेरा बंदी कर आरोपियों के पास थैले में रखे 01 रेड सेंड बोआ सांप को जप्त कर गिरफ्तार किया गया । मौके से एक आरोपी वरसिंह भाग निकला तथा एक मोटर साइकल प्लैटिना जप्त की गई। वन मंडलाधिकारी मंदसौर संजय रायखेरे द्वारा बताया गया कि वन्यप्राणी की अवैध तस्करी करते पकड़े गये आरोपी बद्रीलाल पिता शंकरलाल निवासी जेठाना तहसील पिपलौदा जिला रतलाम तथा नवीन पिता कोमलचंद्र जैन निवासी खानपुरा जिला मंदसौर की निशानदेही पर प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी कौसर बेग पिता हमीद बेग निवासी रिसाला मस्जिद नीमच को नीमच से गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 3832/11 दर्ज किया। जप्त वन्यप्राणी को माननीय न्यायालय की स्वीकृति उपरांत प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया तथा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मंदसौर द्वारा तीनों आरोपियों को 20.01.2026 तक की न्यायिक अभिरक्षा दी गई। प्रकरण में विवेचना जारी है। वन्यप्राणी सेंड बोआ वैज्ञानिक नाम एरिक्स जोहनिल वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की प्रथम अनुसूचि के भाग ष्ट के क्रमांक 1 पर संरक्षित है, इनके अवैध तस्करी में संलिप्त आरोपियों को 3 से 7 वर्ष के कारावास एवं न्यूनतम 25 हजार के दंड का प्रावधान है।

## मन्दसौर कृषि उपज मंडी में आउटसोर्स कर्मचारियों की बैठक में हुआ मंथन

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी मन्दसौर के आउटसोर्स कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करना और आगामी कार्ययोजना के लिए संगठन को मजबूती प्रदान करना रहा।

बैठक को मुख्य रूप से सीटू संगठन के मन्दसौर एवं नीमच जिला प्रमुख शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कर्मचारियों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन के साथ मिलकर ही अधिकारों की लड़ाई प्रभावी ढंग से लड़ी जा सकती है। उन्होंने भविष्य में संगठन की कार्यप्रणाली और रणनीति पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश रावल द्वारा की गई। बैठक में विशेष रूप से सीटू के मन्दसौर जिला महासचिव बालूसिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में आउटसोर्स कर्मचारियों की वर्तमान चुनौतियां और उनके समाधान, संगठन के विस्तार और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श व कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय और एकता को बढ़ावा देना आदि विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिये गये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंडी के आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया और एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सामूहिक सूर्य-नमस्कार एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश की समस्त शिक्षण संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10-30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा।

यह आयोजन एक संकेत पर एक साथ संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का रेडियो के माध्यम से प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। 12 जनवरी को आयोजित सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी।

## सराफा व्यापारियों को सिखाए मुनाफे की सुरक्षा के गुर, कानूनों के प्रति किया जागरूक

### कानूनी पेचीदगियों और तेजी-मंदी के दौर में सराफा व्यापार को बचाने की मिली ट्रेनिंग

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय सराफा व्यापारी एसोसिएशन सुंवासरा द्वारा शामगढ़ रोड स्थित मधुबन गार्डन में एक दिवसीय विशाल जागरूकता सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल रिछावरा, म.प्र. सराफा एसोसिएशन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय सोनी कॉलोनाइजर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में सीए प्रकीर्ण सिंहल आगर व मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज विशेषज्ञ प्रणव निर्गुडे मुम्बई थे। सराफा एसोसिएशन जिला उपाध्यक्ष उमेश सोनी, सुवासरा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र धनोतिया, सीतामऊ अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी काका, कमल सोनी भी मंचासीन थे। विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर व्यापारी अपने मुनाफे को लॉक कर सकते हैं और अनावश्यक वित्तीय घाटे से बच सकते हैं। म.प्र. सराफा एसोसिएशन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय सोनी कॉलोनाईजर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बदलते दौर में सराफा व्यापार के स्वरूप में बड़े बदलाव आए हैं। व्यापारियों को अब केवल दुकानदारी ही नहीं, बल्कि कानूनी पेचीदगियों और तकनीकी ज्ञान से भी लैस होना होगा। यह सेमिनार हमारे क्षेत्र के व्यापारियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में सोने-चांदी जैसी बहुमूल्य धातुओं के दामों में हो रही अप्रत्याशित तेजी-मंदी से व्यापार को सुरक्षित रखना है।




मुख्य अतिथि सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल रिछावरा ने सराफा व्यापारियों को गिरवे में आ रही समस्याओं के बारे में प्रकाश डाला व उन्हें दूर करने का उपाय बताया। मुख्य वक्ता सीए प्रकीर्ण सिंहल आगर ने जीएसटी, इनकम टैक्स, ई-वे बिल और मनी लेंडिंग एक्ट (साहूकारी कानून) में हुए हालिया संशोधनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने धारा 411 के संदर्भ में व्यापारियों को सावधान रहने और आवश्यक दस्तावेजीकरण को मजबूत करने की सलाह दी। मुख्य वक्ता मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज विशेषज्ञ प्रणव निर्गुडे मुम्बई ने हेजिंग और रिस्क मैनेजमेंट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भावों के उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने के लिए व्यापारियों को मल्टी एक्सचेंज प्लेटफॉर्म का सही उपयोग सीखना चाहिए।साथ ही उन्होनें कहा कि हमें व्यापार करते समय सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना चाहिए और सभी सरकारी नियमों का पालन करते हुए अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। सेमिनार में हॉलमार्किंग के नए नियमों पर चर्चा की गई और बताया गया कि कैसे शुद्धता की गारंटी देकर ग्राहक का भरोसा जीता जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित व्यापारियों की शंकाओं का समाधान भी विशेषज्ञों द्वारा किया गया। अतिथि स्वागत महेश मोदी, रवि मेहता, लोकेन्द्र धनोतिया, दिनेश सोनी शामगढ़, देवीलाल सोनी बघुनिया, महेश सोनी, जगदीश सोनी हतुनिया, दिनेश चौधरी, हरिओम सोनी, कृष्णकांत सेठिया, पियुष सेठिया, गौरव धनोतिया, प्रवीण सोनी, हरिश सोनी, श्याम सोनी, राधेश्याम सोनी, पवन सोनी, विजय सोनी, आकाश सोनी, बद्रीलाल सोनी गरोठ सहित मंदसौर, सुंवासरा, सीतामऊ, शामगढ़ और गरोठ के बड़ी संख्या में सराफा व्यापारियों एवं कारीगरों ने शिरकत की। संचालन गौरव सोनी ने करते हुए कहा कि एकजुटता ही व्यापारियों की सबसे बड़ी शक्ति है। आपने सराफा व्यापारियो को आ रही समस्याओं की भी ध्यान आकर्षित किया एवं आभार सराफा एसोसिएशन सुवासरा अध्यक्ष नरेन्द्र धनोतिया ने व्यक्त किया।

## पार्षद गौड़ की मांग : नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका परिषद मंदसौर में वार्ड 05 के पार्षद एवं भाजपा जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ एवं सदस्य लोक निर्माण एवं स्वच्छता समिति आशीष गौड़ (एड्व्होकेट) ने कलेक्टर से मांग की है कि कर्मचारीयो द्वारा दिनांक 6 जनवरी 2026 को बिना बताये हडताल पर चले जाने तथा नगरपालिका मे अचानक ताला लगा दिये जाने से आमजन के कार्य प्रभावित होने तथा कर्मचारीयो द्वारा शासकीय कार्य के प्रति जानबुझकर लापरवाही एवं निकाय को हानि पहुंचाने के गंभीर कदाचरण की श्रेणी होने के कारण अनुशासत्मक व दण्डात्मक कार्यवाही की जायें।



गौड़ ने कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया कि दिनांक 05 जनवरी 2026 को नगरपालिका परिषद् मंदसौर के सहायक इंजीनीयर रोहित केथवास तथा पार्षद प्रतिनिधि विक्रम भैरवे के मध्य अचानक विवाद हो गया जिसके चलते नगरपालिका इंजीनीयर रोहित केथवास द्वारा शहर कोतवाली मंदसौर में पार्षद प्रतिनिधि विक्रम भैरवे के खिलाफ मारपीट, गालीगलोच तथा शासकीय कार्य मे बांधा का प्रकरण दर्ज करवाया। घटना के अगले दिन नगरपालिका परिषद मंदसौर के तमाम अधिकारीयो एवं कर्मचारीयो पार्षद प्रतिनिधि द्वारा की गई घटना के विरूद्ध में लामबंध हो गये नगरपालिका परिषद् के अधिकारीयो एवं कर्मचारीयो द्वारा एक दिन की हडताल करते हुए एक ज्ञापन नगरपालिका सीएमओ को दोपहर पश्चात् दिया जिसमे अधिकारीयो एवं कर्मचारीयो द्वारा जो मांग की गई तथा नारे लगाये वह भी हास्याप्रद व दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात शांतिपूर्वक एवं विधिसमवत् कहने और विरोध जताने का अधिकार है, जो कि संविधान द्वारा हमे प्रदत है। जिसकी विरोध की सीमा भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित की है।

चुकि पुलिस शहर कोतवाली मंदसौर द्वारा घटना दिनांक को ही प्रकरण दर्ज कर लिया था किन्तु उनके पश्चात् भी अगले दिन नगरपालिका मंदसौर के कर्मचारीयों व अधिकारीयो घटना के विरोध में लामबंध हुए, नगरपालिका परिषद् के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा दिया तथा सभी विभाग प्रमुखों द्वारा अपने अपने विभागो मे बिना किसी अनुमति के दरवाजे बंद कर दिये। इस वजह से मंदसौर नगर की आम जनता को भारी परेशानी का सामन करना पड़ा। इसलिए गौड़ ने नपा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक व दंडात्मक कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर मंदसौर से मांग की है।

## पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में कैंटीन संचालन, स्थानीय सहभागिता की अनदेखी? जटिल नियम बने बाधा

### सेठिया ने की प्रशासन से मांग, पुनः करे नियमों पर विचार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मारवाड़ी युवा मंच के जिलाध्यक्ष दिलीप सेठिया ने बताया कि श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों के लिए चाय, नाश्ता एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पशुपतिनाथ प्रबंध समिति द्वारा कैंटीन संचालन हेतु टेंडर निविदा जारी की गई है। यह पहली बार है जब मंदिर परिसर में व्यवस्थित रूप से कैंटीन संचालन की व्यवस्था विकसित करने का प्रयास किया गया है।



उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी छोटे स्तर पर इस प्रकार की व्यवस्था बनाने के प्रयास किए गए थे, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से यह पहल आवश्यक है, किंतु वर्तमान में जारी टेंडर की नियम व शर्तें अत्यधिक जटिल रखी गई हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर भागीदारी करने वालों के लिए कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

दिलीप सेठिया ने बताया कि 23 नवंबर 2025 को उनके द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया था कि पशुपतिनाथ लोक के प्रारंभ होने से पहले मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाएं प्रारंभ की जाएं। इसमें भोजनशाला और कैंटीन व्यवस्था को प्रमुखता से शामिल किया गया था। साथ ही यह सुझाव भी दिया गया था कि कैंटीन संचालन की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को दी जाए, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या प्रचार-प्रसार के अभाव में अपेक्षाकृत कम है। ऐसे में जटिल शर्तों के साथ कैंटीन संचालन करना व्यवहारिक नहीं प्रतीत होता और इससे संचालनकर्ता को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। यही नहीं जटिल नियमों के कारण स्थानीय निवासी भी कैंटीन लेने से वंचित रह सकते हैं महिला स्वयं सहायता समूह तो इसमें जुड़ने का सोच भी नहीं सकते हैं।

## जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है गौशालाओं में नवाचार, जिले की 45 गौशालाओं में मिला है 8244 निराश्रित गौवंश को आश्रय

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश का दुग्ध उत्पादन दो गुना करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य को हांसिल करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएँ एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। राज्य के बाहर से दुधारू पशुओं के उत्प्रेरण के साथ-साथ नस्ल सुधार के लिए हिरण्यगर्भा अभियान, पशु पौषण, पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन जागरूकता के लिए दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान दुग्ध उत्पादन बढावा देने एंव उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु क्षीर धारा अभियान तथा उच्च नस्ल के पशुपालको को एक मंच प्रदान करने के लिए ब्रीडर प्रकोष्ठ का गठन आदि कार्य किए जा रहे हैं।



नीमच जिले में 45 गौशालाओं में 8244 निराश्रित गौवंश को संरक्षण दिया गया हैं। गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाने, नस्ल सुधार के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढाने के विशेष प्रयास किए जा रहे है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन में नीमच जिले की 10 गौशालाओं में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने, पशुओं में नस्ल सुधार के लिए नवाचार किए जा रहे है। इसके तहत प्रथम चरण में प्रत्येक चयनित गौशालाओं में दो माह पूर्व 20 स्वस्थ्य गोवंश का चयन कर उनके जननांगो का परिक्षण किया गया है। फिर पेट के कीडे की दवाई दी गई तथा उन्हें पशु आहार के साथ मिनरल खिलाया जा रहा है। जिले में 18 एवं 19 जनवरी को पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया जायेगा। उप संचालक डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि जिले की गौशालाओं में प्रदेश का पहला नवाचार है, जिससे उन्नत नस्ल की बछियाएँ पैदा होगी और गौशालाओं का दुग्ध उत्पादन बढ़ने से आत्मनिर्भर बनेगी।

## जिला प्रशासन द्वारा शासकीय जमीनों के संरक्षण की नीमच में बड़ी कार्यवाही

### लगभग 38 करोड़ के बाजार मूल्य की 4.9 हेक्टेयर जमीन को करवाया अतिक्रमण मुक्त

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में शासकीय जमीनों के संरक्षण एवं शासकीय जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार न.पा.नीमच , राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रभावी कार्यवाही कर नीमच शहर के डाक बंगला रोड़ पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने स्थित खेत नम्बर 10 और बगीचा नम्बर 38 की बहुमूल्य जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर, न.पा.के आधिपत्य में लिया गया है और न.पा.के आधिपत्य का सूचना बोर्ड लगाकर अतिक्रमण मुक्त करवाई गई उक्त जमीन पर न.पा.नीमच द्वारा संरक्षित करने के लिए प्रीकास्ट की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया रहा है।




शुक्रवार को नीमच शहर में अतिक्रमण हटाने की इस कार्यवाही के दौरान जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, न.पा.नीमच की सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, सीएसपी नीमच, तहसीलदार श्री संतोष कुमार एवं श्री संजय मालवीय सहित राजस्व, न.पा.एवं पुलिस अमला मौजूद था।

तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि नीमच शहर में अतिक्रमण मुक्त करवाई गई इस जमीन का उपयोग शहर हित में विभिन्न विकास कार्यो और प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए किया जावेगा। उन्होने बताया, कि शुक्रवार को अतिक्रमण मुक्त करवाई गई 4.9 हेक्टेयर जमीन शहर के मध्य में प्राईम लोकेशन पर होने से इसका बाजार मूल्य लगभग 38 करोड़ रूपये बताया जा रहा है।

ज्ञातव्य हो, कि जिला प्रशासन द्वारा 30 दिसम्बर 2025 को नीमच शहर में राजस्व, न.पा. एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न 5 स्थानों पर से 42 करोड़ रूपये मूल्य की 6.05 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर, न.पा.नीमच द्वारा अपने आधिपत्य में लिया गया है।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत करवाखेडी क्लस्टर की ग्राम पंचायतों मे हुई जनसुनवाई

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित फ्लैगशिप योजनाओं में शत् प्रतिशत सेचुरेशन प्राप्त करने हेतु ''प्रशासन गांव की ओर अभियान'' के तहत आज शुक्रवार को सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने करवाखेड़ी आलोट क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों मे पहुँच कर आमजन की समस्याएं सुनी एवं समाधान योग्य समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया एवं जिला स्तर एवं राज्य स्तर से समाधान योग्य समस्याओं को अनुश्रुवण पंजी मे दर्ज किया गया। क्लस्टर पंचायत मुख्यालय करवाखेड़ी पर सभी पंचायतों के नोडल अधिकारियों की कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। कार्यक्रम मे सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एसडीएम आलोट रचना शर्मा, सीईओ जनपद आलोट पूजा गुप्ता सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मैदानी शासकीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम आक्या खुर्द में बनेसिंह के खेत पर लगी किसान चौपाल कलेक्टर से मिलकर किसानों ने अपनी बात रखी

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आज ग्राम आक्या खुर्द में किसान चौपाल का आयोजन कर किसानों को खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई एवं किसानों की समस्याएं सुनकर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने संबंधित विभाग प्रमुखो को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम आक्या खुर्द के उन्नतिशील किसान बनेसिह द्वारा की जा रही संतरे की जैविक एवं रासायनिक खेती का अवलोकन किया। किसान बनेसिंह ने जैविक खेती एवं रासायनिक खेती से होने वाले फायदे, नुकसान की जानकारी किसानों से साझा की। कलेक्टर ने आसपास के अन्य किसानों को संतरे की खेती के लिए प्रेरित करने को कहा एवं उद्यानिकी विभाग को और अधिक किसानों को संतरे के बगीचे लगाने के लिए लक्ष्य बढाने का प्रस्ताव शासन को भेजने के लिए निर्देशित किया।



कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार जनवरी-फरवरी माह में लगने वाली किसान चौपालो में किसानों को जैविक एवं रासायनिक खेती का अंतर बताये, किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करें, किसानों को खेतो पर ले जाकर समक्ष मे प्रशिक्षण दे, किसानों को जैविक खेती कर रहे किसानों का उदाहरण देकर प्रेरित करे। कलेक्टर ने अन्य किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए उन्नतशील किसानों को सूचीबद्ध कर मास्टर ट्रेनर के रूप में किसान चौपालो मे बुलाने के निर्देश कृषि अधिकारी को दिए।

# सम्पादकीय

## जांच के घेरे में राजनीति, राजनीति के घेरे में जांच

जब सत्ता के गलियारों में कानून की दस्तक पड़ती है, तब केवल फाइलें नहीं हिलतीं, पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की परीक्षा शुरू हो जाती है। 8 जनवरी 2026 की सुबह कोलकाता ने ठीक ऐसा ही दृश्य देखा, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक सामान्य प्रतीत होने वाली छापेमारी अचानक राजनीति, संविधान और संघीय संतुलन के टकराव का प्रतीक बन गई। कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्डरिंग मामले की जांच में जुटी ईडी की टीम जैसे ही विभिन्न ठिकानों पर पहुंची, वैसे ही राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं मौके पर उपस्थित हुईं और कुछ दस्तावेजों व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बाहर ले गईं। मुख्यमंत्री ने इसे पार्टी की गोपनीयता बचाने का कदम बताया, जबकि ईडी ने इसे जांच में बाधा और सबूत हटाने का आरोप लगाया। यही क्षण जांच की वैध सीमाओं से आगे बढ़कर राजनीतिक संघर्ष, संवैधानिक अधिकारों और चुनावी निष्पक्षता पर छिड़ी एक व्यापक राष्ट्रीय बहस का केंद्र बन गया।

इस कार्रवाई की परिधि केवल कोलकाता तक सीमित नहीं रही, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय ने एक साथ शहर में छह और दिल्ली में चार ठिकानों पर छापेमारी की। एजेंसी का कहना है कि यह जांच कोयला तस्करी सिंडिकेट से जुड़े अवैध धन के हवाला नेटवर्क पर केंद्रित है और पूर्व मामलों की तार्किक कड़ी का हिस्सा है। शुरुआती चरण में जांच शांतिपूर्ण रूप से आगे बढ़ रही थी, किंतु मुख्यमंत्री की उपस्थिति के बाद चुनावी रणनीति, डिजिटल डेटा और पार्टी गोपनीयता की सुरक्षा का मुद्दा केंद्र में आ गया। यहीं से कानूनी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संवेदनशीलता के बीच तनाव स्पष्ट रूप से उभरने लगा। मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोलकाता स्थित अपने आवास और साल्ट लेक के कार्यालय, दोनों स्थानों पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम पर प्रत्यक्ष नजर रखी। उन्होंने चुनाव से ठीक पहले की गई इस कार्रवाई को राजनीतिक दबाव से प्रेरित बताते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि चुनावी तैयारियों से जुड़े गोपनीय दस्तावेजों और रणनीतिक सूचनाओं की जब्ती लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। इसी चिंता के आधार पर उन्होंने राज्यव्यापी विरोध का आह्वान किया और जनता से संस्थागत अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थकों ने इस कदम को संवैधानिक अधिकारों और चुनावी गोपनीयता की रक्षा का साहसिक उदाहरण माना, जबकि विपक्षी दलों ने इसे जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप और संभावित सबूत नष्ट करने का प्रयास बताया।

प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के हस्तक्षेप को जांच में बाधा करार देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया है। एजेंसी का दावा है कि छापेमारी पूरी तरह कानूनी है, कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्डरिंग मामले में ठोस साक्ष्यों (हवाला लिंक सहित) पर आधारित है, और मुख्यमंत्री ने जबरन दस्तावेज व उपकरण हटाए। ईडी का दावा है कि कोयला तस्करी से प्राप्त अवैध धन हवाला के जरिए आई-पैक को टीएमसी के 2022 गोवा चुनाव अभियान के लिए दिया गया था। वहीं, आई-पैक ने भी अदालत में याचिका दायर कर छापों की वैधता और समय पर सवाल उठाए हैं। दोनों पक्षों की दलीलें संकेत देती हैं कि अब इस विवाद की दिशा न्यायिक व्याख्या और संवैधानिक संतुलन से ही तय होगी। यह प्रक्रिया आने वाले समय में संस्थागत स्वतंत्रता और जवाबदेही, दोनों की निर्णायक परीक्षा बनेगी।

यह घटनाक्रम राज्य की राजनीति में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका को लेकर चली आ रही बहस को एक बार फिर तीव्र करता है। आई-पैक जैसी संस्थाएं चुनावी रणनीति, डिजिटल प्रबंधन और जनसंपर्क संचालन में अहम भूमिका निभाती हैं, जिनका सीधा प्रभाव मतदाता व्यवहार पर पड़ता है। ऐसे में चुनाव से कुछ महीने पहले की गई छापेमारी की टाइमिंग स्वायत्तता और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है। अन्य राज्यों में सामने आए समान प्रसंग भी यह स्पष्ट करते हैं कि संघीय ढांचे में पारदर्शिता और संवाद अनिवार्य है, ताकि लोकतंत्र की जड़ें हर परिस्थिति में मजबूत और विश्वसनीय बनी रहें। दोनों पक्षों के तर्कों का संतुलित मूल्यांकन यह स्पष्ट करता है कि यदि प्रवर्तन निदेशालय की जांच ठोस और विश्वसनीय सबूतों पर आधारित है, तो उसे पूरी तरह वैध माना जाना चाहिए। अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई लोकतांत्रिक शासन की अनिवार्य शर्त है। इसके साथ ही, चुनावी गोपनीयता और समय की संवेदनशीलता भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप टीएमसी के लिए राज्य अधिकारों और चुनावी गोपनीयता की रक्षा का प्रयास था, जबकि ईडी और विपक्ष ने इसे सबूतों को जबरन हटाने और जांच बाधित करने का गंभीर आरोप लगाया, जिसका अंतिम आकलन न्यायिक निर्णय से ही संभव होगा।

यही प्रक्रिया संस्थागत भरोसे को सुदृढ़ करेगी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थिर दिशा प्रदान करेगी। इस पूरे घटनाक्रम ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक विमर्श में तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। समर्थक इसे लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का साहसिक उदाहरण मानते हैं, जबकि आलोचक इसे जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप के रूप में देखते हैं। यह मतभेद स्वयं लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है, जहां सत्ता और संस्थाओं के निर्णयों पर सवाल उठाए जाते हैं। जनभागीदारी और जागरूक बहस किसी भी स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहचान होती है, जो इस प्रकरण में स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई है और वर्तमान परिदृश्य में भविष्य के राजनीतिक आचरण को दिशा देने की क्षमता रखती है। यह विवाद भारत के संघीय ढांचे और संस्थागत संतुलन को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

## दिव्य भारतीय संस्कृति का प्रत्यक्ष स्वरूप है सहजयोग



सहजयोग परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा संस्थापित एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मानव, धर्म की सत्यता व वास्तविकता से परिचित होता है। सहजयोग कोई संस्था या संगठन नहीं वरन् एक संस्कृति का नाम है। श्री माताजी ने स्वयं इसका वर्णन अपनी पुस्तक सहजयोग में किया है। श्री माताजी के अनुसार, सहजयोग को समझने की एकमात्र विधि यह है कि, नम्र जिज्ञासु बनकर व्यक्ति आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करे। आत्म साक्षात्कार के पश्चात् यदि व्यक्ति सत्यता से सहज मार्ग को अपनाता है तो स्वयं हमारी कुंडलिनी शक्ति ही हमें सहज संस्कृति में प्रतिस्थापित करती जाती है। उसके लिए हमें अलग से कोई प्रयत्न नहीं करना होता जब मनुष्य आत्मा के ज्ञान को प्राप्त कर लेता है तब उसकी कुंडलिनी शक्ति की जागृति होती है तो वह स्वयं ही भौतिकता से परे हो जाता है। झूठ, बेईमानी, लोभ, मोह आदि अवगुण स्वयं ही उसका साथ छोड़ देते हैं। चरित्र में नैतिकता का गुण सहजयोगियों की पहचान बन जाता है। सहज व्यक्ति सदैव ही भयमुक्त, चिंतामुक्त, आनंद में मग्न रहता है क्योंकि आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने के साथ ही वह परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश कर लेता है जहां प्रत्येक व्यक्ति तृप्त व संतुष्ट होता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इसमें आप सांसारिक जीवन में रहकर सन्यास भाव को प्राप्त कर लेते हैं तथा प्रत्येक उतार-चढ़ाव के प्रति साक्षी स्वरूप हो जाते हैं सहज संस्कृति में व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कमी अपने जीवन में महसूस नहीं होती। किसी से कुछ पाने की लालसा समाप्त हो जाती है तथा देने का भाव जागृत होता है। निश्चित ही संसार में रहते हुए हर कार्य में धन की आवश्यकता होती है इसके लिए स्वयं श्री माताजी ने कहा है, कृपया याद रखिए कि हम परमात्मा के साम्राज्य में हैं और यह नागरिकता आपकी हर आवश्यकता को पूर्ण करती है हर वक्त आप इसका अनुभव करेंगे सहज योग का कार्य करने के लिए जब भी आप प्रयत्नशील होंगे किसी भी प्रकार से आपको साधनों की उपलब्धता हो जाएगी। परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि आप कर्मठता को छोड़ दें श्री माताजी के अनुसार सहजयोगी आलसी, कंजूस अथवा वैभव का प्रदर्शन करने वाले नहीं होते। वह अत्यंत विनम्र, प्रेममय तथा सभी का मान करने वाले होते हैं श्री माताजी के शब्दों में सहज योगी का हृदय गुलाबी रंग के कमल सा होना चाहिए जिसमें अतिथि सत्कार, माधुर्य तथा आनंदमय स्वभाव छलक पड़े।

# डिजिटल युग में हिंदी: विश्व हिंदी दिवस 2026 का संदेश

प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।यह दिवस मात्र एक तारीख नहीं है, अपितु यह तो हमारे देश के भाषाई आत्मसम्मान का बड़ा उत्सव है। पाठकों को बताता चलूं कि राष्ट्रीय हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है, जैसा कि भारत की संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था तथा यह मुख्य रूप से भारत में हिंदी भाषा की मान्यता पर केंद्रित है।हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्यों की बात करें तो इसमें क्रमशः हिंदी को वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करना,दुनिया भर में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना,अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देना, संयुक्त राष्ट्र में इसे आधिकारिक भाषा बनाना तथा विदेशी लोगों में हिंदी के प्रति अधिकाधिक रुचि पैदा करना प्रमुख हैं।सरल शब्दों में कहें तो इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देना और इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है।हिंदी न केवल हमारे देश प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की संवाहक है, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी इसका महत्त्वपूर्ण और अहम् योगदान, भूमिका रही है।

हिंदी आज हमारे देश की राजभाषा (आफिशियल लैंग्वेज) तथा भारत की प्रमुख मातृभाषा है। विश्व हिंदी दिवस के इतिहास की यदि हम यहां पर बात करें तो 10 जनवरी 1975 को नागपुर (महाराष्ट्र) में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था तथा इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। गौरतलब है कि वर्ष 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को प्रतिवर्ष विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नॉर्वे में भारतीय दूतावास द्वारा पहली बार विदेश में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया था। वास्तव में, यह उस दिन को चिह्नित करता है जब वर्ष 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली) में पहली बार हिंदी बोली गई थी।

यह विश्व के विभिन्न हिस्सों में स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा भी मनाया जाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मॉरीशस के पोर्ट लुइस में विश्व हिंदी सचिवालय भवन का भी उद्घाटन किया गया था।हर साल इस दिवस की एक थीम या विषय रखा जाता है और वर्ष 2025 में इसका विषय हिंदी- एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़ रखी गई थी। वास्तव में, यह थीम हिंदी को एक वैश्विक संवाद, संस्कृति और एकता के माध्यम के रूप में उभारने पर केन्द्रित थी।इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में इसकी थीम/विषय हिंदी- पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) तक रखी गई है।यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हिंदी न केवल हमारी प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की संवाहक है, बल्कि आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में भी पूरी तरह सक्षम और प्रगतिशील है। दूसरे शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य है कि हिंदी पारंपरिक रूप से एक भाषा होने के साथ तकनीक की दुनिया में भी आगे है। इस भाषा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बहरहाल पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि काका कालेलकर, मैथिलीशरण गुप्त, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविंददास ने हिन्दी को राजभाषा बनाए जाने के क्रम में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है तथा हिन्दी हमारे देश के संविधान की आठवीं अनुसूची की भाषा भी है।साथ ही, अनुच्छेद 351 हिंदी भाषा के विकास के लिये निर्देश से संबंधित है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 से लेकर 351 तथा अनुच्छेद 120 तथा अनुच्छेद 210 भी हिंदी से संबंधित हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 343 भारत संघ की राजभाषा के निर्धारण से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रावधान है। इसके पहले खंड (343-1) में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।

इसके साथ ही, सरकारी कार्यों में उपयोग किए जाने वाले अंकों का स्वरूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप (1, 2, 3 आदि) होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह अनुच्छेद भारत की भाषाई विविधता को स्वीकार करते हुए हिंदी को केंद्र सरकार के आधिकारिक कामकाज की मुख्य भाषा के रूप में स्थापित करता है। अनुच्छेद 343 के अन्य खंडों में संक्रमणकालीन (ट्रांजिशनल) व्यवस्था भी दी गई है। गौरतलब है कि संविधान के लागू होने के समय (26 जनवरी 1950) भारतीय संविधान में यह प्रावधान किया गया था कि अगले 15 वर्षों तक यानी कि 1965 तक संघ के सभी आधिकारिक कार्यों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग भी पहले की तरह जारी रहेगा, ताकि प्रशासनिक स्तर पर कोई बाधा न आए। हालांकि, संसद को यह शक्ति दी गई थी कि वह 15 वर्ष की अवधि के बाद भी कानून बनाकर अंग्रेजी के प्रयोग को जारी रख सकती है, जिसके परिणामस्वरूप बाद में राजभाषा अधिनियम, 1963 पारित किया गया। सरल शब्दों में कहें तो अनुच्छेद 343 वह संवैधानिक आधार है जो हिंदी को भारत की प्रशासनिक और राष्ट्रीय पहचान से जोड़ता है।बहरहाल, हिंदी भाषा की कई ऐसी अनूठी विशेषताएं हैं जो इसे विश्व की अन्य भाषाओं से अलग और वैज्ञानिक बनाती हैं। इसकी सबसे बड़ी खूबी इसकी ध्वन्यात्मकता है; यानी इसे जैसा लिखा जाता है, ठीक वैसा ही बोला भी जाता है।

हिंदी की लिपि, देवनागरी, अत्यंत व्यवस्थित है, जिसमें स्वर और व्यंजनों को वैज्ञानिक आधार पर वर्गीकृत किया गया है। यह एक अत्यंत उदार,सरल,सहज, वैज्ञानिक शब्दावली लिए हुए बहुत ही शानदार भाषा है, जिसने समय के साथ संस्कृत के तत्सम शब्दों के साथ-साथ अरबी, फारसी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय बोलियों के शब्दों को भी अपने भीतर सहजता से समाहित किया है।व्याकरण की दृष्टि से देखें तो हिंदी में संज्ञा और क्रिया का गहरा संबंध होता है और इसमें लिंग (स्त्रीलिंग-पुल्लिंग) व वचन के आधार पर क्रिया का रूप बदल जाता है, जो भाषा को एक लयबद्धता प्रदान करता है। साथ ही, हिंदी में संबोधन के लिए तू, तुम और आप जैसे शब्दों का वर्गीकरण हमारे समाज की शिष्टता और रिश्तों की मर्यादा को दर्शाता है। अपनी सरलता और व्यापकता के कारण ही यह न केवल साहित्य की भाषा है, बल्कि आज के दौर में तकनीक और सिनेमा के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। उल्लेखनीय है कि हिंदी शब्द का जन्म फारसी भाषा से हुआ है, जिसका अर्थ है सिंधु नदी के किनारे का क्षेत्र। 11वीं सदी में जब तुर्की आक्रमणकारी भारत आए, तो उन्होंने यहाँ की भाषा को हिंदी नाम दिया।

हिंदी की विकास यात्रा सदियों पुरानी है; यह प्राचीन काल में अपभ्रंश के रूप में प्रचलित थी, जिसका प्रमाण हमें कालिदास के नाटकों में भी मिलता है। आज हम जिस देवनागरी लिपि का प्रयोग करते हैं, वह भी लगभग 11वीं शताब्दी के आसपास अस्तित्व में आई थी।वर्तमान में, हिंदी भारत की राजभाषा है और देश के प्रशासनिक कार्यों में अंग्रेजी के साथ इसका प्रमुख स्थान है। इसकी लोकप्रियता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि गिरमिटिया मजदूरों और सांस्कृतिक प्रवास के कारण यह मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम और नेपाल जैसे कई देशों में भी सम्मान के साथ बोली जाती है।हिन्दी न केवल भारत की पहचान है, बल्कि यह वर्तमान में एक शक्तिशाली वैश्विक भाषा के रूप में उभर चुकी है। वर्ष 2025-26 के नवीनतम आंकड़ों (जैसे एथनोलॉग) के अनुसार, हिन्दी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बनी हुई है, जिसके बोलने वालों की कुल संख्या लगभग 60.9 करोड़ (609 मिलियन) से अधिक पहुँच गई है। वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी (1.5 अरब) और मंदारिन या मैंडरिन/चीनी (1.2 अरब) के बाद हिन्दी का ही स्थान आता है। दिलचस्प बात यह है कि दुनिया भर में हिन्दी के प्रसार की गति पिछले कुछ दशकों में अत्यंत तीव्र रही है, और जैसा कि इस आलेख में ऊपर भी चर्चा कर चुका हूं कि आज यह फिजी, मॉरीशस, नेपाल और गयाना जैसे देशों के अलावा अमेरिका और खाड़ी देशों में भी बड़े प्रवासी समुदाय द्वारा बोली जाती है।भारत के संदर्भ में बात करें, तो हिन्दी देश की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ने वाली भाषा है। 2011 की जनगणना के बाद से हिन्दी भाषियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है और वर्तमान अनुमानों के अनुसार, भारत की लगभग 44त्न से 53त्न आबादी हिन्दी को अपनी पहली, दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में उपयोग करती है। डिजिटल क्रांति ने भी हिन्दी को काफी बढ़ावा दिया है; इंटरनेट और सोशल मीडिया पर हिन्दी सामग्री की मांग और खपत में भारी उछाल आया है। कितनी अच्छी बात है कि आज हिंदी का प्रयोग केवल बोलचाल या साहित्य तक सीमित न रहकर जीवन के लगभग-लगभग हर महत्वपूर्ण क्षेत्र में व्यापक रूप से हो रहा है।

प्रशासनिक और न्यायिक क्षेत्र में हिंदी भारत की राजभाषा के रूप में केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों और संसदीय कार्यों का मुख्य आधार है। यह हमारे लिए गौरवान्वित महसूस करने की बात है कि आज शिक्षा के क्षेत्र में भी नई शिक्षा नीति (नेशनल एजुकेशन पालिसी) के आने के बाद अब इंजीनियरिंग और चिकित्सा (मेडिकल) जैसे तकनीकी विषयों की पढ़ाई भी हिंदी में शुरू हो चुकी है। मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में तो हिंदी का वर्चस्व निर्विवाद है; बॉलीवुड फिल्में, हिंदी समाचार चैनल और विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने इसे न केवल भारत के कोने-कोने तक, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय बना दिया है।तकनीकी और डिजिटल क्रांति ने हिंदी के प्रयोग को एक नई दिशा दी है। आज सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) के क्षेत्र में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल जैसी बड़ी कंपनियां अपने सर्च इंजन, वॉइस असिस्टेंट (जैसे सिरी और एलेक्सा) और कीबोर्ड में हिंदी को प्रमुखता दे रही हैं। ई-कॉमर्स और विज्ञापन की दुनिया में ग्राहकों से जुड़ने के लिए हिंदी सबसे प्रभावी माध्यम बन गई है। इसके अलावा, न्यायालयों में स्थानीय भाषा के बढ़ते प्रयोग और व्यापारिक जगत में मार्केटिंग के लिए हिंदी के बढ़ते चलन ने इसे एक रोजगारपरक भाषा (लैंग्वेज आप एंप्लोयमेंट) के रूप में स्थापित कर दिया है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा डिजिटल जनगणना 2026-27 की तैयारी की जा रही है, जिससे आने वाले समय में हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के और भी सटीक व अद्यतन आंकड़े सामने आएंगे। अंत में यही कहूंगा कि विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी) वैश्विक मंच पर हिंदी की बढ़ती शक्ति और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना और दुनिया भर में इसके प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना है। आज जब हिंदी ज्ञान, विज्ञान और तकनीक की भाषा बनकर उभरी है, तो यह दिवस हमें याद दिलाता है कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही हम वैश्विक नागरिक के रूप में अपनी पहचान सशक्त बना सकते हैं।

**-सुनील कुमार महला**

## विश्व में हिन्दी की बढ़ती साखः भारत में उपेक्षा क्यों?

हर वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाने वाला विश्व हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक या प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हिंदी भाषा की वैश्विक यात्रा, उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा, उसके सामने उपस्थित चुनौतियों और हमारे अपने राष्ट्रीय आचरण की विडंबनाओं पर गहन चिंतन का अवसर है। यह दिन हमें उस ऐतिहासिक क्षण की स्मृति कराता है जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी बोली गई थी और भारत की सांस्कृतिक आत्मा ने विश्व मंच पर अपनी मौलिक पहचान दर्ज कराई थी। आज स्थिति यह है कि हिंदी विश्व में सम्मान, स्वीकार्यता और लोकप्रियता की नई ऊँचाइयों को छू रही है, लेकिन अपने ही देश में वह अपेक्षा, उपेक्षा और संकोच के बीच झूलती दिखाई देती है। यही विरोधाभास विश्व हिंदी दिवस को और अधिक प्रासंगिक बना देता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में फैले हिंदी जानकारों, हिन्दीभाषियों को एकजुट करना, हिन्दी को विश्व स्तर पर स्थापित एवं प्रोत्साहित करना और हिंदी की आवश्यकता से अवगत कराना है। अंग्रेजी भाषा भले ही दुनियाभर के कई देशों में बोली है और लिखी जाती है लेकिन हिंदी हृदय की भाषा है। विश्व हिन्दी दिवस विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करने तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिलाने का प्रभावी उपक्रम है। हिंदी मात्र संवाद की भाषा नहीं है, वह भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संवेदना और सामूहिक चेतना की वाहक है। यह लोक से उपजी, लोक में पली और लोक के लिए ही जीने वाली भाषा है। हिंदी का सबसे बड़ा गुण उसकी सहजता, सरलता और वैज्ञानिक संरचना है। यह ध्वन्यात्मक भाषा है, जिसमें जैसा लिखा जाता है वैसा ही बोला जाता है, जिससे इसे सीखना और अपनाना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। यही कारण है कि जिन देशों में भारतीय प्रवासी बसे हैं, वहां हिंदी ने सहज ही अपनी जड़ें जमा ली हैं। एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका तक हिंदी आज केवल भारतीयों की भाषा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद की भाषा बनती जा रही है। योग, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, बॉलीवुड, भक्ति साहित्य और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**-धनंजय राजौरा**

# दुनिया में मंदी: भारत में आर्थिक मजबूती की रोशनी

वैश्विक चुनौतियों, भू-राजनीतिक तनावों, युद्धों, महामारी के पश्चात् बनी अस्थिरताओं, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और महँगाई के दबावों के बीच जब दुनिया की अनेक बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ लड़खड़ा रही हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े आँकड़े आशा, भरोसे और आत्मविश्वास की एक सशक्त किरण बनकर उभरे हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नए आंकड़ों से स्पष्ट है लगभग 7.4 प्रतिशत की विकास दर पर कायम रहना केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई आर्थिक नीतियों की दृढ़ता, दूरदर्शिता, पारदर्शिता और संतुलन का प्रमाण है। जिसमें विनिर्माण, सेवाएं और सरकारी व्यय वृद्धि को गति मिलेगी। जाहिर है, इसका असर नौकरी, महंगाई, आमदनी, कर्ज, कर और सरकारी सुविधाओं पर पड़ेगा। ग्रामीण इलाकों में कृषि से जुड़े रोजगार में बढ़ोतरी हो सकती है, जो यह संकेत देता है कि भारत न केवल वैश्विक अस्थिरताओं से स्वयं को बचाने में सक्षम रहा है, बल्कि अवसरों को साधकर अपनी विकास-यात्रा को निरंतर गति भी दे रहा है।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्थाएँ मंदी और ऋण संकट से जूझ रही हैं, चीन की विकास गति में स्पष्ट सुस्ती दिखाई दे रही है, और अनेक विकासशील देशों पर ऋण, महंगाई तथा बेरोजगारी का बोझ बढ़ता जा रहा है। ऐसे वातावरण में भारत का अपेक्षाकृत मजबूत आर्थिक प्रदर्शन यह दर्शाता है कि बीते एक दशक में अपनाई गई नीतियां केवल तात्कालिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। मोदी सरकार ने आर्थिक सुधारों को केवल कागजी घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें ज़मीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास किया, चाहे वह कर प्रणाली में सुधार हो, बुनियादी ढाँचे में निवेश हो या डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार। जिससे कर संग्रह और राजकोषीय घाटे पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। व्यापक अर्थव्यवस्था और आगामी केंद्रीय बजट दोनों के दृष्टिकोण से यह अच्छी बात है। जीडीपी दर के समांतर महंगाई काबू में रहे तो केंद्रीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें घटा सकता है, जिसका सीधा असर कर्ज की किस्त पर पड़ सकता है। साथ ही, सरकार को मिलने वाला कर राजस्व बढ़ सकता है, जिससे ढांचागत और समाज कल्याण की योजनाओं पर खर्च बढ़ाया जा सकता है। शेयर बाजार में तेजी से म्यूचुअल फंड, भविष्य निधि आदि पर सकारात्मक असर हो सकता है। जीडीपी की दर 2024-25 में 6.5 फीसद की तुलना में अधिक है और यह मुख्य रूप से विनिर्माण और सेवाओं में वृद्धि के सुधार का नतीजा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक दृष्टि का मूल आधार 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' रहा है। वस्तु एवं सेवा कर जैसे बड़े सुधारों ने भारतीय बाज़ार को एकीकृत किया, व्यापार को सुगम बनाया और कर-संग्रह की पारदर्शिता बढ़ाई। प्रारंभिक चुनौतियों के बावजूद, आज जीएसटी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी आधार बन चुका है। इसके साथ ही दिवालियापन एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों की स्थिति को मजबूत किया, जिससे फंसे हुए ऋणों की समस्या पर काफी हद तक अंकुश लगा। बैंकिंग प्रणाली की यह मजबूती ही है, जिसने निवेश और उद्यमिता को नई ऊर्जा दी है। मोदी सरकार की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही है कि उसने घरेलू मांग को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि क्षेत्र और मध्यम वर्ग को सहारा देने वाली योजनाओं ने उपभोग को बनाए रखा। बुनियादी ढाँचे में बड़े पैमाने पर निवेश ने न केवल रोज़गार के अवसर पैदा किए, बल्कि दीर्घकाल में उत्पादन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में भी मदद की। सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे और डिजिटल नेटवर्क-इन सभी क्षेत्रों में हुए विस्तार ने भारत को एक अधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक मजबूती का एक बड़ा कारण उसकी संतुलित विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ व्यावहारिक संबंध भी हैं। जहां एक ओर भारत ने विकसित देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को सुदृढ़ किया, वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने का प्रयास किया। यह संतुलन भारत को बाहरी झटकों से अपेक्षाकृत सुरक्षित रखता है। ऊर्जा, रक्षा, खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों ने भी भारत की रणनीतिक और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत किया है। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों ने भारत की अर्थव्यवस्था में नवाचार और उद्यमिता की नई लहर पैदा की। आज भारत दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है। फिनटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में हुए नवाचार न केवल घरेलू बाज़ार को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान बना रहे हैं। डिजिटल भुगतान प्रणाली ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाया, जिससे आर्थिक गतिविधियों का दायरा विस्तृत हुआ और पारदर्शिता में सुधार आया।

महत्त्वपूर्ण यह भी है कि मोदी सरकार ने आर्थिक विकास को सामाजिक कल्याण से अलग नहीं किया। गरीबों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने वाली योजनाओं ने सामाजिक स्थिरता को बनाए रखा, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए अनिवार्य होती है। सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति ने एक ऐसी नींव तैयार की, जिस पर टिकाऊ विकास संभव हो सका। यही कारण है कि वैश्विक संकटों के बावजूद भारत की आंतरिक मांग और विश्वास कमजोर नहीं पड़ा। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यह स्थिति केवल वर्तमान उपलब्धि नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का संकेत है। वर्ष 2047, जब भारत अपनी आज़ादी के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब दुनिया की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य अब केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित यात्रा का परिणाम प्रतीत होता है। जनसांख्यिकीय लाभ, युवा शक्ति, तकनीकी क्षमता और राजनीतिक स्थिरताकृये सभी तत्व भारत को इस लक्ष्य के करीब ले जा रहे हैं।

**-ललित गर्ग**

# सत्य का अंतिम सत्य संकल्प, साहस, श्रम और सफलता

सत्य का अंतिम रूप साहस, श्रम और सफलता से होकर गुजरता है और यह बात पूर्णतः सही है कि सत्य परेशान किया जा सकता है पराजित नहीं, क्योंकि यदि सत्य और सच्चाई न होती तो मानव जीवन का अस्तित्व ही संभव न होता; पहाड़, झरने, नदियाँ, जंगल, पृथ्वी और प्रकृति के संतुलन से लेकर मनुष्य और अन्य जीवों तक सब कुछ प्राकृतिक सत्य की ही उपज है, परंतु यह भी उतना ही सच है कि मनुष्य अपने लालच, इच्छाओं, महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थ के कारण त्वरित लाभ पाने के लिए झूठ, छल और दिखावे का सहारा लेकर जीवन की गहराइयों में उतर जाता है, जबकि अंततः सत्य ही अंतिम विजय प्राप्त करता है, किंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के लगभग हर क्षेत्र से दूर होती जा रही है और जब हम स्वयं भ्रम में जी रहे हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम कौन से नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्य सौंप पाएंगे, यह एक गंभीर प्रश्न बन गया है।

आज के उत्तर आधुनिक समाज में उपभोक्तावादी सोच इतनी हावी हो चुकी है कि भौतिक साधनों और सुखों की प्राप्ति ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य मान ली गई है, जिसके लिए झूठ, फरेब और साजिशें सामान्य व्यवहार बनती जा रही हैं, जबकि प्राचीन समय में समाज आत्मिक, सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित था, पर विकास की बदली हुई परिभाषा ने समाज को इस मोड़ पर ला खड़ा किया है जहाँ भौतिकता सर्वोपरि हो गई है और इसके परिणामस्वरूप आपसी रिश्तों की गर्माहट, भरोसा और संवेदनशीलता तेजी से समाप्त होती जा रही है; आज स्थिति यह है कि सत्य बोलना एक सामान्य आचरण न होकर कठिन साधना जैसा हो गया है, जबकि महात्मा गांधी ने अपने जीवन और विचारों में सत्य और अहिंसा को ही सामाजिक और नैतिक उत्थान का आधार माना था और उनका विश्वास था कि यदि व्यक्ति सत्य के प्रति निष्ठावान हो जाए तो समाज अपने आप ऊँचे स्तर तक पहुँच सकता है, क्योंकि सत्य और संयम व्यक्ति को आत्मबल, स्वाभिमान और आत्मसम्मान प्रदान करते हैं, वहीं असत्य मनुष्य को भीतर से कमजोर और अपराधबोध से ग्रस्त करता है; कबीरदास जैसे संतों ने भी सत्य को ईश्वर के समान माना और समाज को झूठ से दूर रहने की सीख दी, क्योंकि झूठ केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे समाज को विकृत करता है और यही कारण है कि असत्य को सभी बुराइयों की जड़ माना गया है, आज भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते केवल औपचारिक बनकर रह गए हैं और मनुष्य अपनी सुविधा और सफलता के लिए बिना संकोच झूठ का सहारा ले रहा है, जिससे सामाजिक व्यवहार में असंवेदनशीलता और अविश्वास बढ़ता जा रहा है; नैतिकता और अनैतिकता के बीच की महीन रेखा को पहचानने की क्षमता कमजोर पड़ती जा रही है और मनुष्य किसी भी साधन को सही ठहराने लगा है यदि उससे उसे लाभ मिलता हो, परिणामस्वरूप समाज में असंतुलन, विघटन और संबंधों का क्षय साफ दिखाई देता है; इतिहास भी गवाह है कि जब-जब समाज ने सत्य और नैतिकता से दूरी बनाई है तब-तब पतन की प्रक्रिया तेज हुई है, आज जब भौतिक संपन्नता को ही सफलता का मापदंड बना लिया गया है तब मानवीय संबंध, संवेदनाएं और सामाजिक जिम्मेदारियाँ पीछे छूटती जा रही हैं और नैतिक मूल्यों की परंपरा लगभग समाप्ति की ओर है, ऐसे समय में यदि सत्य, संयम और ईमानदारी को जीवन का आधार नहीं बनाया गया तो भारतीय समाज भी धीरे-धीरे उस दिशा में बढ़ जाएगा जहाँ रिश्ते, संवेदना और मानवीय गरिमा केवल शब्दों तक सीमित रह जाते हैं, और तब हम केवल पछतावे के सिवा कुछ नहीं कर पाएंगे; आज नैतिकता दूसरों को उपदेश देने की वस्तु बन चुकी है जबकि स्वयं के आचरण में उसका अभाव दिखाई देता है, मनुष्य जो स्वयं सामाजिक व्यवस्था का निर्माता है वही अब लोभ, आलस्य और संग्रह की प्रवृत्ति में फँसकर कम मेहनत में अधिक लाभ पाने के लिए झूठ और धोखे को सामान्य मानने लगा है, जो भारतीय सामाजिक ढाँचे के लिए शुभ संकेत नहीं है और यदि समय रहते सत्य आधारित जीवन दृष्टि को नहीं अपनाया गया तो सामाजिक और मानवीय मूल्यों का क्षरण और तेज होता चला जाएगा।

**-संजीव ठाकुर**

# अवैध मेडिकल वेस्ट निस्तारण पर सख्त रुख, कई अस्पतालों पर भारी जुर्माना

## निगम के स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष श्री बैस ने दी चेतावनी उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में मेडिकल वेस्ट के अनुचित निस्तारण को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। सभी छोटे एवं बड़े क्लिनिकों और अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपना मेडिकल वेस्ट केवल इंसीनरेटर से आने वाली अधिकृत गाड़ी में ही डालें।

यदि कोई क्लिनिक या अस्पताल सामान्य कचरा गाड़ी में मेडिकल वेस्ट डालते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष एवं पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैस ने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शहर के सभी हॉस्पिटल एवं क्लिनिक संचालकों द्वारा यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक गायत्री राजे पवार के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त दिलीप कुमार एवं महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देशन में निगम के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि कृष्ण गोयनार एवं एसआई शंकर सांगते द्वारा जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नगर निगम द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें देवास हॉस्पिटल पर 30,000 रुपये, संस्कार हॉस्पिटल पर 25,000 रुपये, अमलतास हॉस्पिटल पर 25,000 रुपये, देवास हॉस्पिटल पर पूर्व में 15,000 रुपये, एमजी हॉस्पिटल पर 50,000 रुपये, क्वींस नर्सिंग होम पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बैस ने कहा कि मेडिकल वेस्ट का गलत निस्तारण न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

आगे भी निरीक्षण अभियान जारी रहेगा और नियम तोडने़ वालों पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने सभी चिकित्सा संस्थानों से अपील की है कि वे नियमों का पालन कर शहर को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग करें।

# स्वास्थ्य का महाकुंभ- अमलतास अस्पताल में 10 जनवरी से लगेगा साल का सबसे बड़ा सर्व रोग निदान शिविर



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा वर्ष 2026 का प्रथम और सबसे बड़ा सर्व रोग निदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह महाशिविर 10 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें सुपर स्पेशलिटी के प्रख्यात विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। जिसमे गंभीर रोग हृदय रोग ,किडनी रोग कैंसर रोग ,मस्तिष्क रोग मूत्र एवं पथरी रोग ,बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी आदि का निशुल्क परामर्श एवं मुख्य जाँच खून और पेशाब की जांच, शुगर जांच,सोनोग्राफी, एक्सरे और ईसीजी।,आँखों की जाँच और बच्चों के लिए विशेष परामर्श,महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग (विशेष जाँच) आदि निशुल्क की जाएगी।

अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन द्वारा बताया गया की हमारा उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में रहने वाले उन लोगों तक पहुँचना है, जो आर्थिक तंगी या आवागमन की कमी के कारण बड़े अस्पतालों तक नहीं पहुँच पाते अमलतास का पूरा स्टाफ और विशेषज्ञ डॉक्टर जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं।

# जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाली सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में मौजूदा हालातों के मद्देनजर म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित किया है।

जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति या समूह किसी भी आयोजन, जुलूस, रैली में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की बिना अनुमति के नहीं करेगा। जिले में जुलूस, जलसो, रैली, शादी, समारोह आदि अन्य कार्यकमों में बिना अनुमति लाउड स्पीकर/डी.जे. तेज आवाज में बजाकर शोर शराबा किया जाता है, जिससे निर्धारित मानकों से अधिक ध्वनि उत्पन्न होने से आम जन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने से आम जन को अकारण मानसिक व अन्य तकलीफों का सामना करना पडता है। इस सबंध में समय-समय पर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश भी दिये गये है। मौजूदा हालातों के मद्देनजर म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित किया गया है।

तो होगी कार्रवाई- जारी आदेश के अनुसारयह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है।

# प्रदेश सरकार की विवाह सहायता योजना से मनीबाई को बेटी रेशमा की शादी के लिए मिली 51 हजार रूपये की राशि

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन द्वारा संचालित मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत विवाह सहायता योजना जो कि गरीब एवं मजदूर वर्ग के कल्याण हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गरीब एवं मजदूर वर्ग को अधिक से अधिक शासन की लाभान्वित योजनाओं का लाभ मिले इन्हीं योजनाओं में श्रम विभाग अंतर्गत मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की विवाह सहायता योजना में श्रमिक वर्ग के व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है।

योजना से देवास निवासी श्रमिक मनीबाई को अपनी बेटी रेशमा की शादी के लिए 51 हजार रूपये का भुगतान हुआ, जिससे वे तथा उनका पूरा परिवार बहुत खुश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद दे रही हैं।

श्रमिक मनीबाई ने बताया कि वे श्रमिक होकर भवन निर्माण कार्य में मजदूरी करती है तथा जो मजदूरी प्राप्त होती है, उससे अपने पूरे परिवार का पालन-पोषण करती हैं। उनकी बेटी की शादी की चिंता उन्हें सताई जा रही थी, लेकिन प्रदेश सरकार की श्रम विभाग अंतर्गत मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत विवाह सहायता योजना से 51 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। जिससे वह और उनका पूरा परिवार बहुत खुश हैं।

# सब्जी मंडी में हर रविवार को लगेगा जैविक हाट




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि शासन की मंशानुसार 11 जनवरी 2026 से सब्जी मण्डी परिसर में जैविक हाट का शुभारंभ किया जा रहा है। जैविक हाट हर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक फल सब्जी मण्डी परिसर में लगेगा। जैविक हाट में हरी ताजी सब्जी एवं अन्य उत्पाद सीधे किसानों के द्वारा विक्रय किये जायेंगे। जैविक हाट में जैविक अनाज का विक्रय भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जैविक खाद्य पदार्थ, रासानियक खाद्य पदार्थ की तुलना में अधिक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक होते है, जो मानव स्वास्थ्य के लिये अधिक लाभदायक है। जैविक हाट में जिले के जैविक खेती करने वाले कृषक सम्मिलित होगें और अपने उत्पादो का विक्रय सीधे उपभोक्ता को करेगें।

# महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद गिरी महाराज का भाजपा जिला अध्यक्ष सेंधव ने किया सम्मान



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** चारधाम मंदिर उज्जैन के पीठाधीश्वर एवं महामंडलेश्वर स्वामी शांति स्वरूपानंद गिरी महाराज का भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने मातारानी की चुनरी उड़ा कर, पुष्प माला, फल भेंट कर सम्मान किया एवं आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सेंधव के साथ भाजपा मीडिया जिला सह प्रभारी दिनेश सांखला, भाजयुमो नेता लोकेंद्र टांक ने भी स्वामी जी का पुष्पमाला से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा शिशु विहार हायर सेकेण्डरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शिशु विहार हायर सेकेण्डरी स्कूल बालगढ़ रोड देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशा मुक्ति पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें बच्चों द्वारा नशे के प्रति जागरूक रहने एवं नशा करने के दुष्परिणाम बताए।

शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की नशामुक्त भारत योजना, 2025 के संबंध में नशे के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने, स्वस्थ शरीर की ओर ध्यान देने एवं नशे के शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणाम बताकर संपूर्ण जीवन में नशे से दूर रहने की सलाह दी साथ ही करियर पर ध्यान देने, बीड़ी, सिगरेट के अलावा सोशल मीडिया भी एक नशा है, जिससे दूर रहने हेतु जागरूक किया।

पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास कुंवर युवराज सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नशे के दुष्प्रचार से होने वाले दुष्परिणामों को बताया एवं स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों का भी नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में स?कूल प्राचार्य श्रीमती मीना पटवर्धन सहित स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# आपत्तिजनक संदेश, चित्रों, वीडियो एवं ऑडियो संदेश के प्रसारण पर प्रतिबंध

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर ऋजु बाफना द्वारा जिले में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आपत्तिजनक संदेशों, चित्रों, वीडियो एवं आडियो संदेश के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया हैं। कलेक्टर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 163 के तहत शाजापुर जिले की राजस्व सीमा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। जिसके तहत फेसबुक, व्हाटसएप, ट्वीटर (एक्स), इंस्टाग्राम, टेलीग्राम यूजर द्वारा कोई ऐसा आपत्तिजनक संदेश, चित्रों, विडियों एवं आडियों, संदेशो आदि जिससे आमजन की भावना को आहत एवं किसी सम्प्रदाय विशेष की भावना उद्ववेदित हो ऐसे पोस्ट को शेयर, फारवर्ड, लाइक ना करे, ना ही प्रसारित न करें।

# एम्बुलेंस से करता था गांजे की तस्करी, न्यायालय ने किया दंडित

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।**न्यायालय ने एम्बुलेंस का दुरुपयोग कर गांजा तस्करी करने वाले एक आरोपी को 15 साल के कारावास और 2 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला शुक्रवार को न्यायाधीश (एनडीपीएस) शाजापुर द्वारा सुनाया गया। दोषी की पहचान प्रधान सिसौदिया के रूप में हुई है, जो ग्राम गुराड़ी बंगला, थाना सुसनेर, जिला आगर का निवासी है। उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 08/20 के तहत दोषी पाया गया।

लोक अभियोजक महेंद्र परमार ने बताया कि मामला 25 अगस्त 2023 का है। मक्सी पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति लाल-सफेद रंग की एम्बुलेंस (एमपी-09 डब्ल्यूएफ-3722) में अवैध गांजा लेकर देवास से मक्सी होते हुए सारंगपुर की ओर जा रहा है। एसआई तेजप्रकाश बोहरे ने पुलिस बल के साथ मक्सी बायपास पर घेराबंदी की। आरक्षक मुकेश पटेल को सादे कपड़ों में एम्बुलेंस पर नजर रखने के लिए देवास की ओर भेजा गया। एम्बुलेंस आते ही पुलिस टीम को सूचित किया गया। बायपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एम्बुलेंस को रोका गया। चालक प्रधान सिसौदिया ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जब वाहन की तलाश ली गई तो उसमें सात प्लास्टिक की थैलियों में 130 किलो 100 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने मौके पर गांजा और एम्बुलेंस जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्रधान सिसौदिया ने बताया कि वह गांजा ओडिशा के कोरापुट जिले से लाया था। उसने तस्करी के लिए एम्बुलेंस का इस्तेमाल इसलिए किया क्योंकि आमतौर पर एम्बुलेंस की जांच नहीं होती। टोल टैक्स भी नहीं लगता। जांच के बाद कोर्ट में चालान पेश किया गया। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमति जताते हुए आरोपी को सजा सुनाई।

# इंदौर में निकलने वाली न्याय यात्रा को लेकर प्रभारी दत्त की उपस्थिति में हुई कांग्रेस जनों की बैठक

## अधिक से अधिक संख्या में पहुंचेंगे इंदौर



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 11 जनवरी को इंदौर में निकलने वाली न्याय यात्रा को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी श्री संजय दत्त श्री सदाशिव यादव श्री अजीत सिंह की उपस्थिति में एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में विगत दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 20 मौतों को लेकर निकलने वाली न्याय यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर श्री संजय दत्त ने कहा कि देवास इंदौर के सबसे करीब है मेरा आप सब साथीयो से अनुरोध है कि देवास से अधिक से अधिक साथी इंदौर पहुंचे एवं न्याय यात्रा में भाग ले इसी के साथ श्री दत्त ने कहा कि भाजपा सरकार मौतों का आंकडां छुपा रही है वहीं मृत्यु को अन्यत्र बीमारी से बता रही है जबकि सारी रिपोर्ट यह बता रही है की मौत दूषित पानी पीने से हुई है। वहीं सरकार के मंत्री अप शब्दों का उपयोग करते हुए अपनी बात कह रहे हैं जो की निंदनीय है ।

इन सबको लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश पर न्याय यात्रा निकली जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी सुनिश्चित करना है और उपस्थिति सबसे अधिक होना चाहिए। इसी के साथ ही श्री सदाशिव यादव श्री अजीत सिंह ने भी कांग्रेस जनों से आग्रह किया कि आप सब पूरी तैयारी के साथ इंदौर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे एवं यात्रा को सफल बनाएं। कार्यक्रम के पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री गौतम जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री चौधरी ने यात्रा के चलने के संदर्भ में विस्तार से अपनी जानकारी देते हुए बताया कि साधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। बस हम सब अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में चले यही अपील है। इसी के साथ सडक़ दुर्घटना में पूर्व गृहमंत्री वाला बच्चन की बेटी की मौत होने पर दो मिनट का मोन रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक का संचालन सुधीर शर्मा ने किया है वह आभार रोशन रायकवार ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय, मनोज राजानी, जय सिंह ठाकुर, रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, राजवीर सिंह बघेल, शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा, रघुवीर सिंह बघेल, जाहिद पठान विक्रम मुकाती सुजीत सांगते विश्वजीत सिंह चौहान दिलीप सिंह बजेपुर रूपेश कल्याने प्रतीक शास्त्री सोदन सिंह ओड, सोहन पटेल, जितेंद्र गौड़, प्यारे मियां पठान, राधाकृष्ण सोलंकी, मंसूर शेख, दिलीप परमार, कल्याण पवार, इम्तियाज शेख भल्लू, रविंद्र सोनी, नरेंद्र यादव लल्ला, मनोज हेतावल, मनोज सांगते, पंकज वर्मा, श्रीकांत चौहान, मुरलीधर गुप्ता, महेंद्र घारू, रितेश सांगते, नईम अहमद अविनाश जेठवा, यशवंत कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# सुबह घना कोहरा, दोपहर में खिली तीखी धूप, अलग-अलग रूप दिखा रहा मौसम, सर्द हवाएं भी कर रही परेशान



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर का मौसम प्रतिदिन अलग-अलग रूप दिखा रहा है। सुबह जहां घना कोहरा छा रहा है तो दिन में तीखी धूप खिल रही है। तीन दिनों के बाद शुक्रवार को फिर नगर में घाटी सा नजारा दिखाई दिया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग की माने तो अगले सप्ताह तक सर्दी का असर रहेगा। इसके बाद मौसम परिवर्तन होने की संभावना है।


गौरतलब है नए साल की शुरूआत भीषण सर्दी से हुई थी और तीन से चार दिनों तक सूरज भी नहीं निकला था। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी 4 डिग्री तक पहुंच गया था जिससे पाला पड़ने की संभावना बढ़ गई थी। इसके बाद मौसम में बदलाव हुआ और आसमान साफ होने के कारण धूप निकलने लगी। तीन दिनों के बाद शुक्रवार को फिर नगर का मौसम बदल गया और नगर में सुबह-सवेरे घना कोहरा छा गया जिससे हाईवे पर चलने वाले वाहन चालकों को दिन में हेडलाईट के सहारे आवागमन करना पड़ा।

तापमान मे हुई बढ़ोत्तरी, मिली सर्दी से राहत- शुक्रवार की सुबह भले ही घने कोहरे के साथ हुई हो, लेकिन इस दिन तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। गुरूवार को नगर का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री था जो शुक्रवार को बढ़कर 27.3 और न्यूनतम तापमान 7.2 से बढ़कर 7.7 डिग्री हो गया। इस दौरान तीखी धूप खिलने से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई और लोगों को गर्मी का एहसास हुआ।

अगले सप्ताह तक नहीं परिवर्तन के आसार- मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अगले सप्ताह भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा और सर्दी का असर रहेगा। उन्होंने बताया कि नगर में कोहरा भी छाएगा और दिन में धूप भी खिलेगी। सुबह और शाम सर्दी का असर ज्यादा रहेगा।

# चोरी छुपे बेची जा रही चायना डोर, कागजों में प्रतिबंध

## अपनी सुरक्षा खुद करने को मजबूर नगरवासी, लगा रहे जुगाड़



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोगों की जान ले चुकी और कई हादसों का कारण बन चुकी खतरनाक चायना डोर अब भी नगर में चोरी छुपे बेची जा रही है। हालांकि प्रदेश भर में इस पर प्रतिबंध जरूर लगा हुआ है, लेकिन फिर भी यह बच्चों तक को आसानी से उपलब्ध हो रही है। इस कागजी प्रतिबंध के चलते अब नगरवासी खुद की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। जो जुगाड़ लगाकर अपनी व अपनों की सुरक्षा कर रहे हैं।

आज भी 500 से 1000 रुपए तक का चायनीज मांझा आसानी से मिल रहा है। इससे स्पष्ट है कि प्रतिबंध केवल कागजों तक सीमित है। जमीनी स्तर पर इसका असर नहीं दिख रहा। गुरुवार को भी कई बच्चे चायना मांझे से पतंग उड़ाते दिखे। बच्चों ने खुद बताया कि वे दुकान से यह मांझा खरीदकर लाए हैं। जबकि प्रशासन इस पर प्रतिबंध और न बिकने के दावे कर रहा है।

बाइक के पहिए में फंसा मांझा, चालक का हाथ कटा- गुरूवार को भी अपनी बाईक से जा रहे एक युवक की बाईक के पहिये में चायना डोर उलझ गई। जिसे निकालने के लिए चालक ने अपना वाहन रोका और उसे पहिये से निकालने का प्रयास किया। लेकिन मजबूत होने के कारण वह टूटा नहीं। वहीं चालक के हाथ में इसे तोड़ने के चक्कर में कट लग गया। वहीं एक पतंग व्यापारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ज्योति नगर और आदर्श कालोनी क्षेत्र में घरों से चायना डोर बेची जा रही है। फोन पर ऑर्डर लेकर घर तक आपूर्ति की जा रही है।

नगरवासी खुद कर रहे अपनी सुरक्षा, ताकि न हो कोई हादसा- डांसी मोहल्ला निवासी इकबाल मेव ने बताया कि वह दिसंबर से फरवरी माह तक अपने वाहन पर इस तरह की जुगाड़ लगाकर सफर करते हैं। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पहले उनके मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति की चायना डोर से गला कटने से मौत हो गई थी। तभी से वे हर साल दो माह अपने वाहन को इस तरह मोडिफाई करते हैं कि उनके साथ या उनके या उनके किसी अपने के साथ कोई हादसा न हो।

इनका कहना है- चायना डोर पर प्रतिबंध है। हमने पकड़ने के प्रयास भी किए लेकिन हमें सफलता नहीं मिली। आपके पास कोई सूचना हो तो हमें बताएं। संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- मनीषा वास्कले, एसडीएम-शाजापुर**

# देपालपुर विधानसभा में कांग्रेस का आक्रामक शक्ति प्रदर्शन

**भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार, जीतू पटवारी की हुंकार - जनता के खून पर पर्दा डाल रही है सरकार**



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ने के उद्देश्य से 8 जनवरी, गुरुवार को इंदौर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक और बेहद आक्रामक बैठक आयोजित की गई। बैठक में साफ संदेश दिया गया कि अब देपालपुर विधानसभा में कांग्रेस रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक मोड में चुनावी और जनआंदोलनों की राजनीति करेगी।

बैठक में मौजूद हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर जबरदस्त हमला बोला। पटवारी ने कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई मौतें सीधे-सीधे भाजपा सरकार की आपराधिक लापरवाही का परिणाम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मौतों के आंकड़े छुपा रही है और मुख्यमंत्री, मंत्री, महापौर से लेकर पूरा प्रशासन जिम्मेदारी से भाग रहा है।

जीतू पटवारी ने तीखे शब्दों में कहा, यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि जनता की जान के साथ किया गया अपराध है। भाजपा सरकार सच छुपाकर अपने गुनाहों पर पर्दा डालना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी।

पटवारी ने देपालपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि ग्राम पंचायत स्तर तक कांग्रेस कमेटियों का गठन कर संगठन को लोहे की तरह मजबूत किया जाए। उन्होंने ऐलान किया कि 11 जनवरी को इंदौर में निकलने वाली न्याय यात्रा भाजपा सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। इस न्याय यात्रा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना बताते हुए पटवारी ने कहा कि देपालपुर विधानसभा से सबसे बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि भाजपा सरकार को जनता की ताकत का अहसास कराया जा सके।

पटवारी के ओजस्वी और आक्रामक संबोधन ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया। पूरा पंडाल भाजपा सरकार जवाब दो और कांग्रेस जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।

बैठक में कांग्रेस के मजबूत स्तंभ और किसान नेता मोती सिंह पटेल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस प्रभारी उषा नायडू इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के देपालपुर आगमन पर बनेडिया नाके से कार्यक्रम स्थल तक पोस्टर बैनर से देपालपुर नगर को पाठ दिया था।

पटेल ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देपालपुर विधानसभा का कांग्रेस कार्यकर्ता आज पूरी तरह एकजुट, अनुशासित और संघर्ष के लिए तैयार है।

मोती सिंह पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा, प्रदेश के ऊर्जावान अध्यक्ष जीतू पटवारी और इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे के नेतृत्व में देपालपुर विधानसभा में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन कर 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। भाजपा की जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना तय है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले वर्षों में किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम जनता के साथ विश्वासघात किया है, जिसका जवाब कांग्रेस जनता के बीच जाकर देगी।

प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी ऊषा नायडू ने कहा कि देपालपुर विधानसभा में वरिष्ठ नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को निचले स्तर तक खड़ा किया जाएगा और देपालपुर कांग्रेस को जीत की ओर ले जाया जाएगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 11 जनवरी को इंदौर पहुंचकर न्याय यात्रा को जनसैलाब में बदल दें, ताकि भाजपा सरकार को यह संदेश साफ मिल जाए कि अब जनता चुप नहीं बैठेगी।

बैठक को विधायक सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल, देपालपुर विधानसभा प्रभारी मनोज गौतम, ऋतुराज सिंह चौहान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष उमराव सिंह मौर्य सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर किया।

कार्यक्रम में देपालपुर विधानसभा के चारों ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बड़वाया, सत्यनारायण जाट, सुनेर सिंह सोलंकी, मोहन चौधरी, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव दौलत पटेल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ठाकुर, इंदौर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र राठौर, मस्जिद खान, संतोष ठाकुर, मलिक खान, कलाम खान, जगदीश भावसार, देवकरण गुर्जर, केवल सिंह पंडित, जितेंद्र ठाकुर, यशवंत राठौर, शिवम पटेल, सुमित सेठ, जीतू दरबार, नरेंद्र मकवाना, यशवंत आंजना, रामप्रसाद पवार, अंकित खत्री सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में यह साफ संदेश दिया गया कि देपालपुर विधानसभा अब भाजपा की सुरक्षित सीट नहीं रही। कांग्रेस संगठन अब गांव-गांव, पंचायत-पंचायत जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करेगा और जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक पूरी ताकत से लड़ेगा।

## कोठारी कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर विविध आयोजन



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इन्दौर कोठारी कॉलेज में 8 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री शशिकांत चिटनिस , सुश्री वीणा पैठणकर एवं श्रीमती युक्ति श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस दौरान महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन एवं योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। विद्यार्थियों के लिए गणितीय क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सुजाता सिसोदिया एवं सोनिया श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में लगभग 250 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा सभी विद्यार्थियों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. वंदना थाड़, डॉ. अल्पा मिश्रा, प्रो. चेतना, प्रो. मधुर भट्ट, प्रो. नम्रता परिहार, प्रो. माधुरी कुमावत, प्रो. कबीर मिर्ज़ा, प्रो. हेमराज आहूजा, नैना जैन, कनिष्क सूर्यवंशी, नितेश पटेल एवं खुशबू वर्मा का सहयोग रहा। अंत में प्राचार्या प्रियदर्शिनी अग्निहोत्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 बोर्ड परीक्षा स्थानीय परीक्षाओं से संबंधित बैठक आयोजित की गई

**अमझेरा/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नरोत्तम वरकडे की अध्यक्षता में बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 01 घोडा चौपाटी धार में जिले के समस्त हाईस्कूल/उमावि एवं विशिष्ट संस्थाओं के प्राचार्यों एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की वर्ष 2025-26 बोर्ड परीक्षा / स्थानीय परीक्षाओं से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्री-बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ वार्षिक परीक्षा की सतत तैयारी, परीक्षार्थीयों को लिखने का अभ्यास एवं कठिन अवधाराणाओं के निराकरण के लिए उपचारात्मक शिक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक प्राचार्य से उनकी संस्था के कक्षा 10वी एवं कक्षा 12 वीं परीक्षा परिणाम हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये। बैठक में ई-अटेनडेन्स, ओ.टी.आर., छात्रवृत्ति, विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश हेतु आवेदन, शौचालय निर्माण/मरम्मत के प्रस्ताव एवं 12 जनवरी को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में सहायक संचालक आनंद कुमार पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी केशव वर्मा, डी.पी.सी. प्रदीप खरे एवं ए.डी.पी.सी. सिमरन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

## श्री जन जागरण सेवा समिति द्वारा मकर संक्रान्ति पर्व के पूर्व गायों के लिए अन्नकूट का आयोजन



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर सनातनी एवं धर्मप्रेमी नागरिको के द्वारा गौसेवा की जाती है तथा इस दिन गायो को चारा, गुड़, तिल व हरा चारा आदि खिलाते है।

इसी प्रकार नगर की श्री जन जागरण सेवा समिति द्वारा मकर संक्रान्ति के पावन पर्व क पूर्व पर गौ सेवा करते हुए सड़को पर विचरण करने वाली गायों के लिए एक अन्नकूट महोत्सव का आयोजन दिनांक 10 जनवरी 2026 को रखा गया है। इस अन्नकूट महोत्सव का उद्देश्य रोजाना सड़को पर गायो के द्वारा अच्छा खराब, झूठा, कूडा-करकट में से भोजन की तलाश कर आधा अधूरा पेट भरने वाले गोवंश को एक समय का शुद्ध भोजन कराना है। अन्नकूट महोत्सव का आयोजन दिनांक 10 जनवरी शनिवार को शाम 6 बजे बस स्टेण्ड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर किया जायेगा।

समिति संयोजक रेणु राठी, अध्यक्ष बी एम पोकले, सचिव पीयूष पोरवाल सहित समिति सदस्यो ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में अन्नकूट महोत्सव शामिल होकर गौसेवा के साथ पुण्य लाभ अर्जित करे।

# पूर्व मंत्री दत्तीगांव का जन्मदिन आज धूमधाम से मनाया जाएगा

**7.85 करोड के आडिटोरियम का होगा भुमिपूजन व गौशाला का लोकार्पण भी होगा**



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव का जन्मदिन शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्र को बड़ी सौगातें भी मिलेगी। सुबह यहां 10 बजे शासकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम का भूमिपूजन होगा। 7.48 करोड़ लागत से यह 450 सीटर भव्य ऑडिटोरियम बनेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि अतिथि रूप में शामिल रहेंगे। ऑडिटोरियम के निर्माण से क्षेत्र वासियों को सुविधा मिलेगी। महाविधालय कार्यक्रम पश्चात यहां से दत्तीगांव शीतलामाता बस स्टैंड होते हुए नगर के भेरू उखलिया चौराहा, दुर्गा चौक, सोमेश्वर चौराहा, पिपलेश्वर मंदिर चौराहा, अंबेडकर चौराहा, बस स्टैंड, चौपाटी होते हुए कानवन जाएंगे। कानवन मे 37.85 लाख लागत से बनी गौशाला का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद गांव में चल रही भव्य राम कथा में शामिल होंगे। जन्मदिन पर बड़ा आयोजन, इसके बाद दोपहर 2 बजे से कानवन में स्थित शिव वाटिका में जन्मउत्सव कार्यक्रम होगा। जिसमें क्षेत्र व जिलेभर से आने वाले पार्टी नेताओं, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर जन्मदिन मनाएगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोकगायक शशांक तिवारी भी कार्यक्रम मे गीत भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन को लेकर समर्थकों ने पूरे नगर समेत कानवन तक रास्ते भर में बैनर होर्डिंग लगाए गए हैं। जन्मोत्सव को लेकर कार्यकर्ताओ में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## खाचरोद ब्लॉक की हताई पंचायत में क्लस्टर अनुश्रवण शिविर अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत श्री कुमट ने की सुनवाई

**क्लस्टर आक्या नजीक में आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में नियुक्त नोडल अधिकारियों के द्वारा प्राप्त शिकायतों का निराकरण तत्काल किया गया**




**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालावा हेराल्ड।** खाचरौद में दिनांक 9 जनवरी को शासन की मंशानुरूप कलेक्टर उज्जैन के निर्देश पर जनपद पंचायत खाचरौद में क्लस्टर अनुश्रवण कार्यक्रम ग्राम पंचायत हताई मुख्यालय पर रखा गया था, इसके पहले अनुश्रवण कार्यक्रम क्लस्टर बेरछा पर आयोजित किया गया था।

ग्राम पंचायत मुख्यालय हताई के अनुश्रवण कार्यक्रम में कुल आठ ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था जो क्रमशः ग्राम पंचायत हताई, कुंडला, आक्या नजीक,पिपल्या मोलू,सिमरोल, बरखेड़ा नजीक, झिरनिया खाचरौद,डाबरी ग्राम पंचायतों की समस्या सुनने एवं समस्याओं के लिखित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु कलेक्टर उज्जैन द्वारा नोडल नियुक्त किए गए थे, जिन्होंने तय समय-सीमा में आज उपस्थित रहकर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उपस्थित रहते हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए पंजी में लेख बद्ध किया, प्राप्त आवेदन पत्रों की समस्याओं का निराकार क्लस्टर अनुश्रवण कार्यक्रम स्थल ग्राम पंचायत हताई मुख्यालय पर विभाग वाइज संबंधित अधिकारियों को बुलवाकर तथा आवेदक को बुलवाकर आईएएस जिला पंचायत उज्जैन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कूमट द्वारा एसडीएम नागदा श्रीमती रंजना पाटीदार तथा जनपद पंचायत खाचरौद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिर्राज शर्मा, उन्हेल तहसीलदार अनिल मोरे की उपस्थिति में किया गया अनुश्रवण कार्यक्रम अंतर्गत आठ ग्राम पंचायतों से कुल आवेदन पत्र नियमानुसार प्राप्त हुए- ग्राम पंचायत आक्या नजीक 22, ग्राम पंचायत बरखेड़ा नजीक 18 ग्राम पंचायत डाबरी 16, ग्राम पंचायत हताई 22, ग्राम पंचायत झिरनिया खाचरौद 25, ग्राम पंचायत कुंडला 18, ग्राम पंचायत पिपल्या मोलू 16, ग्राम पंचायत सिमरोल 30 कुल 167 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे।जिनमे से 138 आवेदन का निराकरण मौके पर ही किया गया जिसमे बरखेड़ा नजीक पंचायत के कमल निर्भयसिंह प्रहलाद जुझारसिंह ,मनीष - बद्रीलाल,का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया ,आक्यानजीक के कालूराम धन्नाजी की वृध्दावस्था पेंशन ,रामकुंवर वाई की कल्याणी पेंशन स्वीकृत की गयी ,मृतक महेश धोली की पत्नी को 2 लाख रूपए राशि सम्बल के तहत स्वीकृत,मृतक राकेश लाल की पत्नी को भी सम्बल योजना के अंतर्गत 2 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गयी कार्यक्रम में सेंकड़ों ग्रामीणजन तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## ऑनलाइन अथवा बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर जुड़वाएं मतदाता सूची में नाम




**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके जिले के जिन युवाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसी तरह अन्य जिले की जिन महिलाओं की शादी ग्वालियर जिले में हुई है वे भी यही फॉर्म भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा दें। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये ऑनलाइन https://voters.eci.gov.in/ लिंक के माध्यम से फॉर्म-6 भरा जा सकता है। साथ ही बीएलओ से भी यह फॉर्म प्राप्त कर भरा जा सकता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने जिन युवाओं व महिलाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं उनसे फॉर्म-6 भरने की अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि जो लोग ऑनलाइन अथवा बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर जमा करेंगे, उनका नाम फरवरी माह में प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में शामिल हो जायेगा। ग्वालियर जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत फॉर्म-6 भरवाने का काम भी विशेष शिविर लगाकर कराया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को डबरा के वृंदासहाय महाविद्यालय, कन्या उमावि व शासकीय उमावि चाँदपुर में शिविर लगाकर फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही फॉर्म भी भरवाए गए।

## कोर्ट चौराहे पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**कोर्ट परिसर में स्थित नाग देवता मंदिर पर लिया आशीर्वाद लेकर**





**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** जिला कांग्रेस के बूथ जोड़ो अभियान के साथ मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन करने के विरोध के तहतआयोजित इस अभियान में कांग्रेस को बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं को जोड़कर एवं कांग्रेस समर्थित सभी संगठनों को साथ लेकर बुथ स्तर तक कमेटी बना कर सदस्यों को जोड़ा जाएगा।

जिसे देखकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश परमार ने शुक्रवार को बड़नगर तहसील का दौरा किया दौरे के दौरान बड़नगर कोर्ट चौराहे पर श्री परमार का अभिभाषक संघ अध्यक्ष करण राठौर की अगवाई में ढोल ढमाकों एवं पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद जिला अध्यक्ष श्री परमार न्यायालय परिसर में स्थित नाग देवता मंदिर पर पहुंचकर नाग देवता को पगड़ी पहना कर, ध्वजा चढ़ाई और उनकी पूजा अर्चन कर उनका आशीर्वाद लिया। जहां उनका हाई कोर्ट एडवोकेट एवं महासंघ के उज्जैन जिला अध्यक्ष राधेश्याम सोनगरा की अगवानी में पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह सोलंकी, हाई कोर्ट एडवोकेट एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश वाघेला अभिभाषक संघ सचिव मयंक यादव, वरिष्ठ अभिभाषक रंजीत राठौर महेश विजयवर्गीय, राधेश्याम यादव, अजय झाला, शाकिर खान, कैलाश गुर्जर वाडिया दीपक कावड़िया सहित समस्त अभिभाषक गण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं टीन सेट का लोकार्पण

**उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार सांसद सोलंकी जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मंगलाज गांव में शुक्रवार 12 बजे ग्राम में निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं में टीन सेट एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जैसे ही सभी अतिथि गांव ग्राम में पहुंचे तो पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कार कार्यक्रम की शुरुआत की गई

ग्राम मंगलाज गांव में 40 लख रुपए से अधिक के निर्माण कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा सरकार हर प्रकार से हर व्यक्ति की कैसे मदद हो इसके लिए कार्य कर रही है सरकार ने हर वर्ग के लोगों के लिए काम किया है आयुर्वेदिक इलाज के लिए ग्रामीणों को गांव में ही उपलब्ध मिलेगा केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने आम लोगों के लिए ऐसी अनेक जनहितैषी योजना संचालित कर रखी है इसके चलते हर वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में माननीय मंत्री जी की असीम कृपा से बहुत विकास कार्य हुआ है आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मतलब जिस व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई पीड़ा होती है तो वह मंदिर में ही जाते हैं जो भी सच्चे मन से इस मंदिर में आएगा उसकी हर प्रकार की बीमारी यहां की दवाई लेने से अपने आप गायब हो जाएगी मंत्री जी ने जगह-जगह आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की है और जल्द ही सुजालपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज की सौगात भी मंत्री जी के द्वारा दी जाएगी शाजापुर जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया ने कहा आज पूरे क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है माननीय मंत्री जी ने इस क्षेत्र में दिल खोलकर विकास किया है पिछले कार्यकाल में शिक्षा मंत्री रहते हुए सांदीपनी सीएम राइज जैसे स्कूल की सौगात दिलाई और अब उच्च शिक्षा आयुष कौशल विभाग के साथ ही जल्द इंजीनियरिंग कॉलेज जिले में जगह-जगह आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना सहित अन्य विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है यह सब आप जनता जनार्दन की असीम कृपा से हो रहा है।

30 लख रुपए से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं 10 लख रुपए से निर्मित टीम सेट के लोकार्पण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा नेता योगेंद्र सिंह बंटी बना पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक नायक विजय सिंह बेस जेपी मामा जिला उपाध्यक्ष हिरेंद्र सिंह जादौन शिवप्रसाद वर्मा प्रकाश मेवाड़ा भगवत सिंह मंडलोई मंडल अध्यक्ष महेंद्र गोवा आदि अतिथि के रूप में मौजूद थे जहां ग्राम पंचायत के सरपंच ईश्वरसिंह पाटीदार आयुश विभाग के अधिकारियों ने सभी अतिथियों का भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल गोलाना के सभी पदाधिकारी एवं ग्राम मंगलाज सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र के अनेक ग्रामीण जन भी मौजूद थे।

## बदनावर उप जेल में विधिक सेवा शिविर और निरीक्षण, बंदियों की सुनी गईं समस्याएँ



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशों और प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश श्री प्रदीप सोनी ने बदनावर उपजेल में एक शिविर का आयोजन किया और जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, न्यायाधीश ने बंदियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से भोजन की गुणवत्ता, पेशी की व्यवस्था और मुलाकात की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही, स्वास्थ्य सुविधाओं और इलाज के लिए किसी बंदी को बाहर भेजे जाने की प्रक्रिया पर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

न्यायाधीश श्री प्रदीप सोनी ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, मध्यस्थता और प्ली बार्गेनिंग योजना जैसी महत्वपूर्ण कानूनी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बंदियों को उनके मामलों से जुड़े कानूनी प्रावधानों और आगे की न्यायिक प्रक्रिया के संबंध में भी अवगत कराया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी सिमोन सुलिया ,उप जेल अधीक्षक मनोज कुमार मिश्रा , मानव अधिकार एक्टिविस्ट एवम पीएलवी जयेश राजपुरोहित , जेल स्टाफ, व सभी 73 बंदी उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।

## कार्य स्थलों पर महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने हेतु समिति गठित करें

**खण्डवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम-2013 के तहत जिले की सभी दुकानों, शॉपिंग मॉल, फैक्ट्रियों, स्कूलों में आंतरिक शिकायत समितियों का गठन करें। उन्होंने बताया कि इन समितियों का गठन उन संस्थानों में किया जाता है, जहां कि 10 या 10 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं।

# 11 जनवरी को वैश्य एकता रैली एव सम्मेलन के आयोजन को लेकर किया शंखनाद

## भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष धाकड ने किया वाहन रेली का शुभारम्भ





**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 11 जनवरी को निकलने वाली वेश्य एकता रेली को लेकर वेश्य समाज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से वाहन रेली निकाली गई जिसमें सभी वेश्य समाजजनो ने भाग लिया।

धाकड ने किया वाहन रेली का शुभारम्भ - शरद जैन,बसन्त मालपानी,राजा कर्नावट एव दिपक जैन के नेतृत्व मे शुक्रवार दोपहर 2 बजे कृषि उपज मंडी प्रागण पर वेश्य समाज एकत्रित होकर वाहन रेली का आयोजन किया गया वाहन रेली का शुभारम्भ भाजपा उज्जेन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजेश धाकड के कर कमलो से हुआ जहां पर धाकड द्वारा केसरीया झण्डी दिखाकर रेली को आगे बढ़ाया इसके पूर्व श्री गणेश मंदिर पर उपस्थित सदस्यो द्वारा भगवान के श्री चरणो मे माला, फल रखकर आर्शीवाद प्राप्त करा

प्रमुख मार्गो से निकली रेली - दो पहिया वाहन रेली नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई जवाहर मार्ग स्थित धाकड के कार्यलय पर समापन हुआ। वाहन रेली मे युवाओ के साथ बुजुर्ग समाजजन भी सम्मलित हुए।

तैयारी जोर शोर से - वेश्य एकता रेली एव सम्मेलन को लेकर शरद जैन,बसन्त मालपानी, राजा कर्नावट के नेतृत्व मे जोरशोर से तैयारी चल रही है।

वेश्य समाज द्वारा 11 जनवरी को वैश्य एकता रैली और वेश्य महाजन परिवार का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वैश्य महासम्मेलन के राजा कर्नावट एव शरद जैन ने बताया कि सम्मेलन समग्र जैन समाज, पोरवाल समाज, माहेश्वरी,अग्रवाल समाज, खंडेलवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में होगा। वैश्य एकता रैली दोपहर 2 बजे कृषि उपज मण्डी पुलिस थाना से शुरू होगी, जो विभिन्न मार्गो से होकर महिदपूर रोड स्थित ज्योतिश्री गार्डन में पहुंचकर महासम्मेलन में परिवर्तित होगी।

महिला मण्डल दे रही आमत्रण - वेश्य एकता रेली एव सम्मेलन को सफल बनाने हेतु मातृ शक्ति भी पीछे नही है मातृ शक्ति घर - घर पहुचकर कार्यक्रम के कार्ड देकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया जा रहा है।

वही दुसरी और सभी वैश्य समाज द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है।

## भव्य चल समारोह के साथ में होगी आज से श्री मद भागवत कथा

**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेंल गोलोक धाम गौशाला में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से प्रारंभ होगा सुबह 10ः00 बजे सांवरिया जी मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ में चल समारोह शुरू होगा जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गोलोकधाम गौशाला पहुंचेगी जहां पर कथा भागवत आचार्य नितिन देव जी महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा कथा दोपहर 12ः00 बजे से 3ः00 तक रहेगी कथा के मुख्य यजमान सरवन सिंह ठाकुर परिवार द्वारा भागवत पोती उठाई जाएगी कथा द्वारा जो दान राशि आती है वह गोलोकधाम गो शाला के संचालन के लिए की जाती है 1 वर्ष में एक बार गोलोकधाम गौशाला में कथा होते हैं इसके नियमित जो भी दान राशि आती है वह गौ सेवा के लिए खर्च की जाती है भागवत आचार्य पंडित शिव गुरु शर्मा द्वारा बीड़ा उठाया गया है जो उनके द्वारा कहीं भी कथा की जाती है उसकी दान राशि जो भी आती है वह गोलोकधाम गौशाला में ही दी जाती हैं जिससे गौशाला का संचालन होता है साथ ही नगर के गौशाला में 200 सदस्य हैं जिनकी सहयोग से गौशाला का संचालन किया जाता है सात दिवस की कथा में गौशाला द्वारा वार्षिक 365 सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया है जो कथा के साथ में समिति द्वारा संपर्क करके वार्षिक सदस्य बनाए जाएंगे जिससे आने वाले टाइम में गौशाला का संचालन भव्य तरीके से किया जा सके अभी वर्तमान में गोलोकधाम गौशाला में 300 से 400 गौ माता है और आने वाले टाइम में समिति का उद्देश्य है कि 500 गौ माता को रखने की व्यवस्था कंप्लीट हो गई है आने वाले टाइम में और भी गौ माता को रखने के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है।

## बड़वानी जिले के ठीकरी (घटवा) में खुलेगा नया 'फूड पार्क क्लस्टर'

**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार की एमएसई - सीडीपी योजना के अंतर्गत बड़वानी जिले की तहसील ठीकरी स्थित औद्योगिक क्षेत्र घटवा को '' फूड पार्क क्लस्टर '' की स्थापना के लिए चयनित किया गया है। इस क्लस्टर के माध्यम से जिले में कृषि आधारित उद्योगों को बड़े स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। यहाँ स्थापित होने वाली फूड प्रोसेसिंग इकाइयों को मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे, जिसमें अधिकतम 48 प्रतिशत तक का पूंजी निवेश प्रोत्साहन, विद्युत टैरिफ प्रतिपूर्ति और मंडी शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट शामिल है। इसके अतिरिक्त इकाइयों को रोजगार प्रोत्साहन, तकनीकी उन्नयन और गुणवत्ता प्रमाणीकरण हेतु भी वित्तीय एवं नीतिगत सहायता दी जाएगी। इस फूड पार्क की स्थापना से न केवल स्थानीय किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, बल्कि जिले में भारी निवेश आकर्षित होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्राप्त होगी।

## अमृत 2.0 अंतर्गत बड़वानी शहर की 19 करोड़ की पेयजल योजना का भूमि पूजन संपन्न

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत बड़वानी शहर की जनता के लिए स्वीकृत 19 करोड़ रुपये लागत की पेयजल योजना 09 जनवरी को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्यसभा सांसाद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, बड़वानी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक तथा बड़वानी नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण में सहरिया समुदाय के दादी, बेटे और पोते का बन गया पक्का घर



**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएम जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही हैं। विदिशा के सहरिया बाहुल्य ग्राम नया गांव टपरा में सहरिया समुदाय की श्रीमती खिलान बाई और उनके बेटे श्री मानसिंह पत्नी विद्या बाई और मानसिंह के बेटे श्री रवि पत्नी रश्मि आदिवासी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिला और इन हितग्राहियों के पक्के आवास बन गए हैं इन पक्के आवासों में दादी बेटे और पोते का पूरा परिवार हंसी-खुशी जीवन यापन कर रहा है।

शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू होने के उद्देश्य से आज भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव श्रीमती रंजना चौपड़ा , जनजातीय कार्य विभाग के पीएस श्री गुलशन बामरा, क्षेत्रीय विकास योजना के कमिश्नर श्री सत्येन्द्र सिंह तथा कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता नया गांव टपरा पहुंचे और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्वयन स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव श्रीमती रंजना चौपड़ा ने विदिशा जिले के बासौदा विकासखंड के नया गांव टपरा पहुंचकर पीएम आवास योजना से लाभान्वित श्रीमती खिलानबाई से संवाद किया तो उन्होंने बताया कि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ तो मिला ही है साथ ही साथ उनके बेटे और उनके बेटे के बेटे का भी पीएम आवास योजना अंतर्गत पक्का घर बना है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी भी दल सदस्यों को दी गई जिस पर केंद्रीय सचिव श्रीमती रंजना चोपड़ा ने जिले में योजना तहत किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर राजस्व वसूली एवं लंबित प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व वसूली की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष शिविर आयोजित कर वसूली की जाए, बकायदारों की सूची तैयार की जाए तथा पूर्व से लंबित प्रकरणों में शीघ्र वसूली सुनिश्चित की जाए।

बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की गई, जिसमें 85.8 प्रतिशत डिस्पोजल रेट की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने समस्त लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में नामांतरण 88.96 प्रतिशत, बंटवारा 89.84 प्रतिशत तथा सीमांकन 95.95 प्रतिशत प्रकरणों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने इन तीनों श्रेणियों में शेष लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने फॉर्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रकरणों को चिन्हांकित करते हुए सारा पोर्टल के आधार एंट्री कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस कार्य की सुचारू पूर्णता हेतु पटवारियों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त बैठक में व्यपवर्तन, रिकॉर्ड दुरुस्ती, प्रधानमंत्री किसान योजना अंतर्गत ई-केवायसी एवं एनपीसीआई की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने भू-अर्जन एवं भूमि आवंटन से संबंधित लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट एवं जिला न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में समय-सीमा में जवाब-दावा प्रस्तुत कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में नक्शा प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को 10 प्रतिशत प्रकरणों का स्थल निरीक्षण कर वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए। साथ ही हाल ही में किए गए राजस्व न्यायालयों के निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा कर कलेक्टर ने एक माह के भीतर प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। समस्त तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के प्रशिक्षण आयोजन के निर्देश भी दिए गए जिससे कार्य अधिक व्यवस्थित रूप से किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी सतत रूप से राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने राजस्व शिविरों के आयोजन, एसडीएम द्वारा कैंप कार्यालयों के सुव्यवस्थित संचालन तथा सेक्टोरल भ्रमण हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सी एस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद सुश्री तनुश्री मीणा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थान्दला श्री महेश मण्डलोई, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर श्रीमती रीतिका पाटीदार डिप्टी कलेक्टर श्री महेश बड़ोले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अवनधती प्रधान, , समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत मोहनपुरा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी-2026 के अवसर पर नालसा डॉन योजना के अंतर्गत 05 जनवरी से 12 जनवरी-2026 तक साप्ताहिक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज 09 जनवरी-2026 को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ श्रीमती विधि सक्सेना के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में ग्राम पंचायत मोहनपुरा झाबुआ में द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमान सुभाष सुनहरे की अध्यक्षता एवं जिविसेप्रा के सचिव श्री शिव कुमार डावर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जयदेव माणिक की उपस्थिति में नालसा (डॉन-ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन - फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) योजना-2025 के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुये द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री सुभाष सुनहरे ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार की शांति और सामाजिक व्यवस्था को भीतर से कमजोर कर रहा है। न्यायाधीश ने बताया कि नालसा की इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज को नशामुक्त बनाना, विशेषकर युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा नशे से प्रभावित व्यक्तियों को कानूनी सहायता, परामर्श एवं पुनर्वास से जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि यह अपराध, घरेलू हिंसा, आर्थिक संकट और पारिवारिक विघटन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। अपने संबोधन में यह भी स्पष्ट किया कि नशीले पदार्थों के सेवन, खरीद-बिक्री एवं तस्करी से संबंधित अपराधों पर एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत कठोर दंड का प्रावधान है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके विरुद्ध जागरूक करें।

शिविर में महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए जिविसेप्रा झाबुआ के सचिव श्री शिव कुमार डावर ने कहा कि नशे का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है। महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा बनाए रखने हेतु घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम सहित अनेक कानून प्रभावी रूप से लागू हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध निर्भीक होकर कानून का सहारा लेने का आह्वान किया।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जयदेव माणिक ने नालसा टोल फ्री नंबर 15100, पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता, मध्यस्थता, लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना आदि की विस्तार से जानकारी दी। शिविर में प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के पेम्पलेट वितरित किये गये। उक्त शिविर में ब्लॉक समन्वयक श्री मानसिंह बारिया, ग्राम सरपंच, सचिव, तड़वी एवं बड़ी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित रहें।

## ग्राम झुमका, पारा एवं लखपुरा में विकास कार्यों को मिली नई गति



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने आज जिले के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान की।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम झुमका में ?11.22 लाख की लागत से निर्मित नवीन आंगनवाड़ी भवन का विधिवत लोकार्पण संपन्न हुआ। इसके पश्चात पारा में ग्राम पंचायत अंतर्गत ?37.50 लाख की लागत से प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया।इसी क्रम में लखपुरा गांव में ?38 लाख की लागत से प्रस्तावित पुलिया सह स्टॉप डैम निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक ग्राम तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आधारभूत संरचना का निर्माण ही समग्र विकास की कुंजी है।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास की प्रथम पाठशाला होते हैं। नवीन आंगनवाड़ी भवन के निर्माण से बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण मिलेगा, जिससे पोषण स्तर में सुधार होगा तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ और अधिक प्रभावी बनेंगी। यह भवन महिला एवं बाल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को भी मजबूती प्रदान करेगा।

मंत्री सुश्री भूरिया ने आगे कहा कि पारा में प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण से ग्राम पंचायत की प्रशासनिक गतिविधियों को सशक्त मंच मिलेगा, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से हो सकेगा। यह भवन ग्रामीणों के लिए सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करेगा और विकास कार्यों में उनकी सहभागिता को बढ़ाएगा।

उन्होंने लखपुरा में पुलिया सह स्टॉप डैम निर्माण कार्य को क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे वर्षा जल का संरक्षण होगा, भूजल स्तर में वृद्धि होगी तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही पुलिया निर्माण से आवागमन सुविधा सुदृढ़ होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों में भी सहजता आएगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री भानु भूरिया, पूर्व जिला महामंत्री श्री सोमसिंह सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य श्री वालसिंह मसानिया, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के 17 ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने और जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर, जिला परिवहन अधिकारी श्री राकेश भूरिया, यातायात प्रभारी श्री विनोद बघेल सहित एनएचएआई, एमपीआरडीसी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री राकेश भूरिया ने बताया कि वर्ष 2025 जिले में कुल 17 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, जिसमे रोड एजेंसी एनएचएआई के 12, एनएचपीडब्ल्यूडी के 1 और एमपीआरडीसी के 4 ब्लैक स्पॉट शामिल हैं।

कलेक्टर ने इन स्थानों पर तत्काल निम्नलिखित कार्य करने के निर्देश दिए। 1. शॉर्ट टर्म कार्य - इन स्थानों पर रंबल स्ट्रिप लगाना, उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना और खराब ब्लिंकर्स की मरम्मत करना। सीएमओ ठीकरी को निर्देश दिए गए कि जिले के एंट्री पॉइंट पर एक माह के भीतर नए और स्पष्ट साइन बोर्ड लगाए जाएं। 2. लॉन्ग टर्म कार्य - दुर्घटना संभावित मोड़ों का चौड़ीकरण करने हेतु उच्च स्तर पर समन्वय कर कार्य पूर्ण कराएं। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपने मौलिक दायित्वों का पालन करे। सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु और गंभीर चोटें अत्यंत खेदजनक हैं। सभी विभाग सुनिश्चित करें कि मॉनिटरिंग और कम्प्लायंस समय पर हो ताकि किए गए कार्यों का असर जमीन पर दिखे। 1. एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में ट्रेन एम्बुलेंस, पेट्रोलिंग और फंक्शनल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में झाबुआ प्रदेश का मॉडल जिला बना, मंत्री प्रहलाद पटेल ने की सराहना




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल में पेसा कानून (पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम) के क्रियान्वयन को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने झाबुआ जिले के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पेसा एक्ट के सफल क्रियान्वयन के लिए जनजातीय कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि झाबुआ सहित प्रदेश के अन्य वनांचल क्षेत्रों में पेसा कानून के अंतर्गत लगातार सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, जो जनजातीय स्वशासन की भावना को मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने पेसा कानून के अंतर्गत जनजातीय समुदाय को मिले पारंपरिक अधिकारों को धरातल पर उतारने में पेसा जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक एवं मोबिलाइज़र की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय बताया। सभी विभागों के बीच समन्वय से प्राप्त सकारात्मक परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री श्री पटेल ने जिला पंचायत टीम एवं पेसा से जुड़े समस्त कार्यदल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जिला समन्वयक पेसा एक्ट श्री गौरसिंह कटारा ने बताया कि समीक्षा बैठक में पेसा नियमों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं मूल्यांकन किया गया। इस दौरान प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट के आधार पर झाबुआ जिला लगभग सभी मापदंडों पर प्रदेश में अव्वल रहा। बैठक में बताया गया कि झाबुआ जिले में अब तक 1073 ग्राम सभाओं का गठन पूर्ण किया जा चुका है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के चलते झाबुआ जिले को पेसा कानून के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन का मॉडल जिला घोषित किया गया।

उन्होंने बताया कि झाबुआ जिले में पेसा कानून के तहत गठित शांति एवं विवाद निवारण समिति, वन संसाधन योजना एवं नियंत्रण समिति तथा सहयोगिनी मातृ समितियों को निरंतर सक्रिय किया जा रहा है। इन समितियों के माध्यम से ग्राम स्तर पर विवाद समाधान, सामुदायिक सहभागिता और पारंपरिक स्वशासन को मजबूती मिली है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं।


ग्राम सभाओं को प्राप्त अधिकारों के अंतर्गत गौण वनोपज के क्षेत्र में भी झाबुआ जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर 18 प्रस्ताव ग्राम सभाओं द्वारा पारित कराए जा चुके हैं, जिन्हें विभागीय प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ाया गया है। इससे जनजातीय समुदाय को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस लाभ मिलने की संभावना है।

झाबुआ जिले की यह उपलब्धि न केवल पेसा कानून के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण है, बल्कि यह पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणास्रोत एवं अनुकरणीय मॉडल के रूप में सामने आई है। बैठक में पेसा अधिनियम लागू करने वाले प्रदेश के 20 जिलों के जिला समन्वयक, पंचायत राज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# 14 जनवरी से शुरू होगा महाकाल महोत्सव

**मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ-देश-विदेश के कलाकार करेंगे शिव आराधना**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा 14 जनवरी से महाकाल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के नामी कलाकारों के साथ विदेशी कलाकार भी शिव भक्ति की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ यादव करेंगे।

यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार और वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्री राम तिवारी ने बताया कि मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पहली बार आयोजित हो रहे इस महोत्सव का उद्देश्य महाकाल की सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाना है। महाकाल लोक और त्रिवेणी संग्रहालय परिसर में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें शास्त्रीय संगीत, लोकनृत्य और शिव केंद्रित प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि को भी आमंत्रित किया गया है।

सीएम करेंगे शुभारंभ,सितारों से सजेगी शामें- उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। उद्घाटन की शाम प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन और सिद्धार्थ शिवम की शिवोहम प्रस्तुति से भक्तिमय माहौल बनेगा।

15 जनवरी को ग्रेट इंडियन क्वायर 'शिवा' विषय पर प्रस्तुति देगा।

16 जनवरी की शाम प्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा के नाम रहेगी।

17 जनवरी को इंदौर के श्रेयस शुक्ला और उनका बैंड सुगम संगीत प्रस्तुत करेगा।

18 जनवरी को इंडोनेशिया और श्रीलंका के कलाकार अंतरराष्ट्रीय स्तर का शिव नृत्य-नाट्य प्रस्तुत करेंगे।

लोकनृत्य और कला यात्राओं का आकर्षण - महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक त्रिवेणी संग्रहालय में जनजातीय लोकनृत्यों की प्रस्तुति होगी। भारिया, गौंड, काठी और भील जनजाति के पारंपरिक नृत्य श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराएंगे।

शिव बारात और कला यात्राएं भी निकलेंगी- 14 जनवरी को बस स्टैंड से महाकाल लोक तक शिव बारात (माच शैली) निकाली जाएगी।

15 जनवरी को रामघाट से डमरू वादन दल और

17 जनवरी को बुधवारिया से महाकाल लोक तक मलखंभ दल कला यात्रा के रूप में प्रदर्शन करेगा।

शिव तत्व पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी- 15 जनवरी को सुबह 10.30 बजे शिव तत्व और महाकाल विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी होगी, जिसमें देश-विदेश के विद्वान शिव तत्व, इतिहास और संस्कृति पर अपने विचार रखेंगे।

# महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने किया पत्रकारों के साथ गऊघाट फिल्टर प्लांट का निरीक्षण



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुक्रवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव एवं प्रभारी निगम आयुक्त श्री संतोष टेगौर द्वारा एमआईसी सदस्यों, पीएचई अधिकारियों के साथ ही पत्रकारगणों के साथ गऊघाट ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान महापौर एवं निगम अध्यक्ष द्वारा फिल्टर प्लांट, सम्पवेल, पानी की शुद्धता जांच लेब, मोटर पम्प के साथ ही सम्पूर्ण गऊघाट प्लांट का पत्रकारगणों को निरीक्षण कराते हुए पानी को शुद्ध किये जाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया साथ ही प्लांट पर पानी की शुद्धता की जांच हेतु लाए गए सेम्पल से अवगत कराते हुए पानी की शुद्धता की जानकारी दी गई।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा कहा गया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो इस हेतु हमारे द्वारा समय समय पर फिल्टर प्लांटों का निरीक्षण किया जाता रहा है जिससे यह पता चलता है कि जनप्रतिनिधि कितने गंभीर है इस विषय को लेकर मैं आप सभी को भी आमंत्रित करता हुं आप गउघाट, उंड़ासा, साहेबखेड़ी आए और शहर में पेयजल सप्लाय व्यवस्था देखे, और पेयजल को लेकर हमारा जो बोर्ड है शुरू से अत्यंत संवेदन शील है जारी व्यवस्थाओं को हम गंभीरता से देखते है अगर छोटी छोटी समस्या भी हो तो उसे त्वरित दुर करने का कार्य करते है। हमारे पीएचई के जो अधिकारी एवं कर्मचारी है वो भी रात दिन कार्यो में लगे रहते है।

निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि शहरवासियों को शुद्ध पेयजल का सप्लाय होता रहे इस हेतु चार दिन पूर्व भी हमारे द्वारा फिल्टर प्लांट का दौरा किया गया था और समस्त व्यवस्थाएं देखी गई थी तथा आवश्यक कमियों को दुर करने के निर्देश दिए गए थे, आपने कहा कि सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए शहर में प्रचलित निर्माण कार्यो एवं चौड़ीकरण के कारण कुछ कमियां हो सकती है हमने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यो को सावधानीपूर्वक इस तरह से करें कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिल सके, कही लिकेज मिलते है तो उसे त्वरित रूप से ठीक किया जाए।

# आगर रोड से स्टेशन की ओर नहीं आ सकेंगे भारी वाहन और स्लीपर बसें

**ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के लिए सुबह 7 से रात 12 बजे तक लगाया प्रवेश पर प्रतिबंध**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगर रोड की ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए प्रशासन ने मोहन नगर चौराहे से स्टेशन की ओर भारी वाहनों पर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया। इसमें स्लीपर बसें भी शामिल हैं।

नए आदेश के तहत सुबह 7 से रात 12 बजे तक यह आदेश लागू होगा। आगर रोड पर इन दिनों सर्वाधिक ट्रैफिक है। अनाज, फल व सब्जी मंडी के ट्रैफिक के साथ ही अब यहां राजस्थान, दिल्ली आदि का ट्रैफिक भी बढ़ गया है। इस कारण यहां अकसर ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है।

ऐसे में प्रशासन ने मोहन नगर चौराहा ट्री से स्टेशन की ओर हेवी वाहनों आवागमन डायवर्ट कर दिया है। आगर रोड से राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली के कई शहरों के स्लीपर बसें भी गुजरती हैं। शाम 6 से रात 11 बजे के बीच करीब 50 से अधिक बसें यहां से गुजरती हैं। इसी तरह सुबह के वक्त इन बसों का यहां लौटना होता है। इन बसों के जगह-जगह रुकने कारण भी यहां जाम की स्थिति बनती है। इस कारण प्रशासन ने यात्री बसों को भी मोहन नगर चौराहे से देवासगेट की ओर प्रतिबंधित किया है।

मक्सी रोड होकर जा सकेंगे- ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी दिलीपसिंह परिहार के मुताबिक बड़े वाहनों को अब मोहन नगर रोड ट्री से टर्न होकर मक्सी रोड सेंटपाल स्कूल के सामने होते हुए आगे जाना होगा। इस रोड के माध्यम से मक्सी रोड, देवास रोड, इंदौर रोड आदि सभी मार्गों पर बिना शहर में जाए पहुंचा जा सकता है।

# बुरहानी क्रिकेट क्लब के तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रीरसागर स्टेडियम पर दाऊदी बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस टूर्नामेंट में देशभर से बोहरा समाज की 12 टीमें भाग लिया है जिनके बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। मुर्तजा जरी वाला एवं खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट की शुरुआत से पूर्व कुरान की तिलावत की गई। इसके पश्चात पहला मुकाबला उज्जैन और सोपुर की टीमों के बीच खेला गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमिल साहब के प्रतिनिधि शेख इब्राहिम भाई साबिर उपस्थित रहे। यह आयोजन दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना अलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन (त.उ.श) साहब की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। शेख इब्राहिम भाई साबिर ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था द्वारा सैयदना साहब के संदेश को आगे बढ़ाना सराहनीय कार्य है। यह टूर्नामेंट न केवल खेल को बढ़ावा देने का माध्यम है, बल्कि युवाओं को एकजुट कर खेल भावना, अनुशासन, मेहनत और टीमवर्क को प्रोत्साहित करने का भी एक सशक्त मंच है।

उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। टूर्नामेंट का समापन 11 जनवरी, रविवार को फाइनल मुकाबले के साथ होगा। कार्यक्रम का संचालन मुस्तफा बड़ौद वालों ने किया। इस अवसर पर सैफी मोहल्ला जमात के पूर्व सिक्योरिटी शेख जुल्फिकार भाई कोयला वाला, बुरहानी गॉड के कैप्टन मुला मुर्तुजा भाई कासु, मुला अकबर भाई तीन वाला, हुसैन भाई चक्की वाला, कसम भाई चाय वाला सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नृसिंहघाट से मिली लाश की हुई शिनाख्त



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नृसिंहघाट के पास से गुरूवार सुबह वृद्ध की लाश पुलिस ने बरामद की थी। जिसकी शाम को इंदौर से आये भाई ने शिनाख्त की। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों की सूचना पर पुलिस नृसिंहघाट पहुंची थी। मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था। आसपास लोगों से पहचान के प्रयास करने पर शाम को पता चला कि मृतक सोंटी उर्फ सुनील पिता सदाशिव राव 55 साल है। जो मगरमुहा सिंहपुरी क्षेत्र में किराये का मकान लेकर रहता था और भिक्षावृत्ति का काम करता था। पुलिस ने मगरमुहा पहुंचकर जानकारी जुटाई तो परिवार के इंदौर में रहने की जानकारी मिली। भाई को सूचना दी गई। देर शाम भाई ने आकर पहचान करते हुए बताया कि सुनील अविवाहित था और परिवार से अलग रहता था। पुलिस ने आशंका जताई है कि बीमारी और ठंड की वजह से मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव भाई को सौंपा गया है।

# प्रतिबंधित घातक डोर के साथ हिरासत में आए दो युवक



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिबंधित जानलेवा डोर के साथ एक बार फिर दो युवकों को पकड़ा गया है जिनके पास से चाइना डोर की 12 रील बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि एएसआई देवकरण परमार और सैनिक ओमप्रकाश रात्रि गश्त पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि नानाखेड़ा स्टेडियम के समीप दो युवक प्रतिबंधित जानलेवा डोर बेचने की रात में आए हुए हैं। तत्काल रात्रि गश्त में शामिल एएसआई स्टेडियम की ओर पहुंचे। जहां दो युवक झोला लेकर बैठे दिखाई दिए। दोनों को सैनिक की मदद से पकड़ा गया और उनके झोले की तलाशी ली गई। जिसमें जानलेवा डोर मोनो काइट कंपनी की 12 रील भारी होना सामने आई। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ की गई। एक युवक नाबालिग होना सामने आया, जो वजीर पार्क कॉलोनी नीलगंगा क्षेत्र का रहने वाला था, उसका साथी अयोध्या बस्ती आगर मालवा का फरदीन पिता फरीद खान 19 साल होना सामने आया। उनके पास से बरामद प्रतिबंधित चाइना डोर 3000 कीमत की होना सामने आई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि एक रील 400 से 500 रुपये में बेचने के लिए लाये थे। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के अनुसार दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई करने के साथ बीएनएस की धारा 233 में प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल दोनों को नोटिस तामील करा कर दिया किया गया है। उनसे जुड़े प्रतिबंधित डोर के कारोबारी की तलाश की जा रही है।

# मुख्य चौराहों पर लगी पुलिस चौकियों पर भी तैनात नहीं रहते जवान

**कई चौकियों पर ताले लग रहे हैं - अनेक जर्जर हो चुकी**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और शहर का विस्तार भी अधिक हो चुका है, इसके बावजूद कहीं भी पुलिस चौकी नजर नहीं आती हैं और जहाँ सालों पहले लगाई गई थीं वो वह अब खटारा स्थिति में पहुंच चुक हैं। केवल छत्रीचौक की चौकी ही ऐसी है जहाँ हमेशा पुलिसकर्मी बैठते हैं।

शहर में लगभग हर दिन अपराधिक घटनाएं होती है जिनमें मारपीट, चोरी, वाहन चोरी सहित छेड़छाड़ की वारदातें शामिल हैं लेकिन पुलिस बल थानों के सिवाय कहीं भी दिखाई नहीं देता है। पूर्व के वर्षों में शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस चौकियां क्षेत्रीय रहवासियों की मदद से स्थापित करवाई गई थीं और यहाँ पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे लेकिन ये चौकियाँ सालों से सूनी पड़ी हैं और अधिकांश चौकियों के आसपास की जालिया और छत या तो नशेड़ी उखाड़ ले गए या रखरखाव के अभाव में जर्जर को खंडहर जैसी बन गईं। अब जहां भी पुलिस चौकी रखी दिखती है वो केवल ढाँचे के रूप में नजर आती है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी केवल बैठ लेकर अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश देते हैं और फिर किसी नयी घटना होने का इंतजार करते हैं और वारदात के समय कहीं भी पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाती है। जबकि पुलिस के अधिकारियों को इन खंडहर हो चुकी चौकियों को सुधरवाकर इनमें पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगवानी चाहिए जिससे चौराहों पर पुलिस नजर आए और जनता भी पुलिस के भरोसे रह चुके हैं। जिला अस्पताल के पीछे, त्रिमूर्ति टॉकीज चौराहा, गदा पुलिया के पास की पुलिस चौकी, जयसिंहपुरा, जूना सोमवारिया चौराहा, पीपलीनाका, फव्वारा चौक सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में सालों पहले पुलिस चौकियाँ लगाई गई थीं और अब यह व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो गई है। क्षीरसागर स्थित चौकी पर फुटपाथ पर रात गुजारने वालों ने कब्जा कर रखा है और अपना ठिकाना बना लिया है। ऐसे ही कई जगहों की चौकियों के हालात हैं। कहीं पर फर्मों ने अपने बोर्ड लगवा रखे हैं तो कई पर दुकानदारों ने अपना सामान रखना शुरू कर दिया है। इसी तरह पूर्व के वर्षों में बनाए गए पुलिस मित्र भी निष्क्रिय हो चुके हैं।

# सिंहस्थ मेला क्षेत्र में मिलेगी इमरजेंसी काल बॉक्स की सुविधा

**आपात स्थिति से निपटने की लिए स्मार्ट सिटी कंपनी बना रही प्लान**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** साल 2028 में लगने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक बंदोबस्त किए जाएँगे। इसके लिए स्मार्ट सिटी कम्पनी उज्जैन से भी मदद ली जाएगी, जो सिंहस्थ क्षेत्र में सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाएगी, जिनका नियंत्रण स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से होगा।

उल्लेखनीय है कि करीब पाँच साल पहले इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम परियोजना के अंतर्गत स्मार्ट सिटी ने शहर के प्रमुख चौराहों-तिराहों और पब्लिक प्लेस जैसे 75 स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए हैं। जो आपातकालीन स्थिति में सहायक बन रहे हैं एवं इनसे आपराधिक गतिविधियों पर भी नियंत्रण किया जा रहा हैं। उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियाँ शासन और प्रशासन स्तर पर जोरों से जारी हैं। इस महाकुंभ में करीब 15 करोड़ लोगों के शामिल होने की संभावना है। उस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी। इसको लेकर ही सिंहस्थ क्षेत्र में करीब 150 नए इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए जाएँगे। इसको लेकर स्मार्ट सिटी कम्पनी प्लान तैयार कर रही हैं। इसमें सम्बंधित अन्य विभागों से भी चर्चाओं का दौर जारी हैं। इसके बाद इसकी डिमांड का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

वर्तमान में लगे हैं 75 कॉल बॉक्स- स्मार्ट सिटी से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में 75 इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगे हैं। जो एक्सीडेंट, बीमारी या फिर किसी अन्य इमरजेंसी के वक्त मददगार साबित हो रहे हैं।

इसके लिए संबंधित व्यक्ति को सिर्फ इस बॉक्स का बटन दबाना पड़ता हैं और माइक में किस तरह की मदद चाहिए बताना पड़ती हैं। इसके बाद स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारी व्यक्ति की लोकेशन जरूरत के हिसाब से पुलिस, एंबुलेंस और अन्य तरह की सहायता के लिए संबंधित विभाग को मैसेज भेजते हैं।

# एक्टिवा पर सवार 2 युवकों के पास से मिली हजारो ली शराब



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दो थानों की पुलिस ने बीती रात एक्टिवा पर सवार दो युवकों को हिरासत में लिया जिनके पास से हजारों रुपए की अवैध देशी शराब बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ आबकारी का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात सहायक उप निरीक्षक सावित्री कटरा, आरक्षक अमरनाथ के साथ सर्कल भ्रमण पर शंकरपुर क्षेत्र में थीं। भ्रमण के दौरान एक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा पर अवैध शराब लेकर श्री सिंथेटिक के जंगल क्षेत्र में खड़ा है तथा किसी अन्य व्यक्ति को शराब सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना पर थाना पंवासा से आरक्षक बजेंद्र भारती व दो राहगीर पंचान व पुलिस बल के साथ श्री सिंथेटिक जंगल, आम रोड की ओर रवाना हुए। मौके पर मुखबिर द्वारा बताए अनुसार एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा लेकर रोड किनारे खड़ा मिला। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति एक्टिवा से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पुलिस बल ने पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर एक्टिवा के आगे रखे एक काले-नीले रंग का पान बहार का झोला व एक प्लास्टिक की बोरी मिले, जिनकी जांच करने पर दोनों में देशी प्लेन शराब के क्वार्टर भरे हुए पाए गए। आरोपी से नाम-पता पूछने पर शाहिद कादीर पिता अब्दुल सकुर खान 51 वर्ष, निवासी कडाव घाट, बम्बई बाजार, इन्दौर होना बताया। वह शराब इंदौर से लेकर आया था इसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया।

इधर लाल पुल के पास की घेराबंदी- नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक कपिल राठौर ने बताया कि एक्टिवा पर सवार युवक द्वारा अवैध शराब लेकर आने की खबर मिलने पर आरक्षक दीपक दिनकर, पुष्पराजसिंह, अंकित चौहान के साथ लालपुल क्षेत्र में घेराबंदी की गई थी। कुछ देर में एक्टिवा पर सवार युवक आता दिखाई दिये। जिसके पास विमल पाऊच के 2 झोले थे। युवक को रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास से झोले बरामद किये गये। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। एक्टिवा के साथ शराब जप्त कर युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में अवैध शराब 6 पेटी होना सामने आई। युवक शास्त्रीनगर का रहने वाला विजेन्द्र पिता राजाराम जयसवाल 29 साल है। मामले में आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# उत्तर प्रदेश से आकर बड़नगर में तोड़ा था बदमाशों ने मकान का ताला

**एक माह पहले हुई चोरी का खुलासा, 2 आरोपी रिमांड पर 1 की तलाश**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बड़नगर में हुई लाखों की चोरी को उत्तरप्रदेश के झांसी से आये बदमाशों ने अंजाम दिया था। कैमरों के फुटेज देखने पर संदिग्ध कार दिखाई दी थी। जिसके आधार पर 2 बदमाशों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। दोनों को पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 29-30 नवम्बर 2025 में व्यास कालोनी में रहने वाले शेखर पिता ओमप्रकाश रावल के सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात हो गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसमें एक संदिग्ध कार क्रमांक यूपी 93 सीई 3665 दिखाई दी। जिसका नम्बर ट्रेस कर एसआई सुरेन्द्र गरवाल, एएसआई सुनील देवके प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य नारायण सरा, अजय चौहान की टीम को उत्तरप्रदेश रवाना किया गया। जहां सामने आया कि कार झांसी के रहने वाले व्यक्ति की है। जिसे तलाश कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कार उमेश वर्मा और उसके साथी अरविंद, भूपेन्द्र मांग कर मध्यप्रदेश के देवास में शादी होने का बोलकर ले गये थे। कार सवारों की जानकारी मिलने पर उनके घरों पर दबिश दी गई, लेकिन फरार होना सामने आये। तकनीकी साक्ष्यों से उन्हे ट्रेस किया गया, इस दौरान अरविंद पिता परशुराम कुशवाह और भूपेन्द्र उर्फ काली पिता मतादीन प्रजापति निवासी निमौनाखेड़ा थाना बरूआ सागर जिला झांसी हिरासत में आ गये। जिन्हे गिरफ्तार कर बड़नगर लाया गया है। दोनों ने पूछताछ में अपने साथी उमेश वर्मा के साथ चोरी को अंजाम देना कबूल किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

# माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती द्वारा हिंदू संगम के पूर्व प्रतिदिन प्रभात फेरी के द्वारा जन जागरण



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिंदुओं में एकजुटता और हिंदू गतिविधियों एवं सनातनी संस्कृति को बढ़ाने हेतु 11 जनवरी को विशाल हिंदू संगम के पूर्व मातागुजरी गुरुद्वारा बस्ती के 50 से अधिक सदस्यों एवं मातृशक्ति द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल 6 बजे वामनेश्वर महादेव मंदिर से एकत्रित होकर प्रभात फेरी के द्वारा हिन्दू गीतों के जय घोष के साथ बस्ती क्षेत्र में रहवासियों - नागरिकों के बीच जन जागरण किया जा रहा है।

उक्त जानकारी माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती के प्रचार प्रमुख डॉक्टर घनश्याम शर्मा ने देते हुए बताया उज्जैन शहर में 65 स्थान पर हिंदू सम्मेलनों का भव्य आयोजन 11 जनवरी को होने जा रहा है माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती का हिंदू सम्मेलन भी वामनेश्वर महादेव मंदिर उद्यान में प्रातः काल 10:00 बजे संपन्न होने जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में बस्ती क्षेत्र में रहने वाले हिंदू सदस्य एवं मातृशक्ति शामिल होगी। सम्मेलन की सफलता हेतु प्रतिदिन 50 से अधिक सदस्य एवं मातृशक्ति द्वारा प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक प्रभात फेरी के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है आज प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव के आतिथ्य में बस्ती के प्रमुख क्षेत्र अवंतीपुरा, अब्दालपूरा ,गीता कॉलोनी, नई गली ,ब्राह्मण गली एवं अंकपात मार्ग पर होते हुए वामनेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त हुई।